


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 204 | सोमवार, 7 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, एकादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




# दिल्ली में बड़ा हादसा: सत्य निकेतन में इमारत गिरी

## कई छात्रों के फंसे होने की आशंका; बिल्डिंग में चलता था पीजी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच मोती बाग स्थित सत्य निकेतन में एक





इमारत जमींदोज हो गई। कई के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के बीच दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई। दर्दनाक हादसे में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। कई लोगों को निकाला गया है। इन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

सूचना मिलते ही घटनास्थल पर फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत पहुंच गईं। बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। यह हादसा नई दिल्ली के मोती बाग स्थित शिव मंदिर के पास सत्य निकेतन में हुआ। फायर डिपार्टमेंट को करीब डेढ़ बजे इमारत ढहने की कॉल मिली थी।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच मोती बाग स्थित सत्य निकेतन में इमारत जमींदोज हो गई। दोपहर 1.33 बजे पुलिस व दमकल की टीम को खबर दी गई। बताया जा रहा है कि इमारत में हॉस्टल चल रहा था।

सूचना मिलते ही दमकल की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। हालात देखकर मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की बात की गई। इमारत में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है।

बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में छात्रों का हॉस्टल चलाया जा रहा था। पुलिस व दमकल के अलावा डीडीएमए व एनडीआरएफ को खबर दे दी गई है। मौके पर राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है।

घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है। स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद है और भीड़ को नियंत्रित कर रही है। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त उपकरण मंगाए गए हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# जेन-जी की समस्याओं पर मायावती ने जताई चिंता

## लेकिन कार्यकताओं को आंदोलन से दूर रहने को कहा

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** जेन-जी और जेन-अल्फा के सामने रोजगार सहित अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि देश में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनसे यह धारणा बन रही है कि युवाओं और बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर शुरू हुआ आंदोलन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रभाव में आ गया है। इससे युवाओं और छात्रों के बीच आंदोलन की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मायावती ने जारी बयान में कहा कि जेन-जी के जंतर-मंतर आंदोलन के दौरान युवाओं और छात्रों को बड़े-बड़े सपने दिखाए गए थे। लेकिन, अब आंदोलन के स्वतंत्र स्वरूप के बजाय उसके राजनीतिक रंग लेने को लेकर शंकाएं पैदा हो रही हैं। युवाओं और छात्रों की वास्तविक एवं जरूरी मांगों के प्रति बसपा की हमेशा सहानुभूति और चिंता रही है।



उन्होंने अपने सभी राज्य संगठनों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने राज्यों और क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर जेन-जी और जेन-अल्फा की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रयास करें। युवाओं की जायज समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी सहयोग करती रहेगी।

मायावती ने पार्टी के अनुशासन का हवाला देते हुए कार्यकताओं से धरना, प्रदर्शन और आंदोलन आदि में शामिल नहीं होने को कहा है। साथ ही कार्यकताओं से अपनी तन, मन और धन की शक्ति तथा ऊर्जा को चुनाव के लिए सुरक्षित रखने की अपील की है।

मायावती के मुताबिक, चुनाव के माध्यम से ऐसी सरकार बनाना उसका लक्ष्य है, जो बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों को साकार करते हुए 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना के साथ काम करे। ऐसी सरकार बनने पर जेन-जी और जेन-अल्फा सहित सर्वसमाज की दुख-तकलीफों का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है।

देश दुनिया

### जीतन राम मांझी की बिगड़ी तबीयत: एम्स के आईसीयू में भर्ती

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को रविवार शाम सांस लेने में तकलीफ और बुखार की शिकायत के बाद दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री मांझी को शाम करीब पांच बजे एम्स के आपातकालीन विभाग में लाया गया। रात करीब नौ बजे उन्हें आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है और जरूरी चिकित्सकीय जांच कर रही है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, मांझी को डेंगू होने की आशंका है। हालांकि, एम्स की ओर से अभी उनकी स्थिति को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

### होमगार्ड बनने के लिए एक लाख से अधिक अभ्यर्थी लगाएंगे दौड़

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होमगार्ड के 41424 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। होमगार्ड बनने के लिए 14 सितंबर से होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) में करीब एक लाख अभ्यर्थी दम दिखाएंगे। परीक्षा प्रदेश के 15 केंद्रों पर होगी। इसमें 14 पीएसी की वाहिनी और एक पुलिस लाइन शामिल है।

भर्ती बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम परीक्षा की समाप्ति के बाद उसी दिन जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद बोर्ड द्वारा सभी चरणों में सफल रहे अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा, जिसके बाद वह अपने एनरोलमेंट वाले जिले में जाकर प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे। आधारभूत प्रशिक्षण के बाद उनको तैनाती दी जाएगी।

बता दें, बोर्ड द्वारा पहले 8 सितंबर से परीक्षा कराई जानी थी लेकिन प्रदेश में अत्याधिक बारिश से इसे एक हफ्ते टाल दिया गया है। वहीं, बोर्ड द्वारा वहीं जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन प्रोविजिनल तरीके से हुआ है, उनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा इस संबंध में लिए गए अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

### तराई में जोरदार बारिश, नेपाल से सटे आठ जिलों के लिए अलर्ट

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को मानसूनी सक्रियता में तेजी आई। इसका असर खास तौर पर पश्चिमी तराई में देखने को मिला। बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर आदि जिलों में भारी से अति भारी बारिश देखने को मिली।

मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को नेपाल से सटे आठ जिलों में जोरदार बारिश के आसार हैं। 9 सितंबर तक तराई और पूर्वी यूपी के कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद बुधवार से कुछ दिनों के लिए यूपी में मानसूनी बारिश कमजोर पड़ेगी। रविवार को बरेली में सर्वाधिक 134.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं बिजनौर में 134 मिमी और मुरादाबाद में 114 मिमी बारिश हुई।

# सागर जहरीली शराब कांड : दस की मौत

**एजेंसी न्यूज**

**सागर।** सागर जहरीली शराब कांड लाइवः नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। मध्य प्रदेश के सागर जिले की बंडा तहसील में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से हड़कंप मच गया है। इस घटना में अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोगों का इलाज चल रहा है।इधर, सरकार ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई का एलान किया है। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी हर बड़ी खबर और पल-पल की अपडेट के लिए हमारे लाइव ब्लॉग से जुड़े रहें।

कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने सरकार की नाकामी पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की पारदर्शी व निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, आम आदमी पार्टी के संयुक्त सचिव लक्ष्मीकांत राज ने सरकार से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को मृतकों के आश्रितों को तुरंत 50-50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करनी चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने सरकार की नाकामी पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की पारदर्शी व निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, आम आदमी पार्टी के संयुक्त सचिव लक्ष्मीकांत राज ने सरकार से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई है।

# चित्रकूट में बाढ़ पीड़ितों से मिले योगी: 'आपदा पीड़ित अकेले नहीं, सरकार आपके साथ'

**एजेंसी न्यूज**

**चित्रकूट.** चित्रकूट पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंदाकिनी की बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई व स्थलीय निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त तुलसीदास प्रतिमा का जायजा लिया। पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते हुए उन्होंने बेघर हुए लोगों को पीएम आवास देने की घोषणा की और आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चित्रकूट दौरे के दौरान बाढ़ से प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। मंदाकिनी नदी के उफान से हुई तबाही का हवाई सर्वे करने के बाद मुख्यमंत्री सीधे रामघाट पहुंचे। वहां उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित व्यापारियों व स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनका हाल जाना।

रामघाट के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हुई संत तुलसीदास की प्रतिमा के पास रुके। प्रतिमा की स्थिति को देखकर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों



से इसके जीर्णोद्धार व सुरक्षा के संबंध में तत्काल जानकारी ली। इस दौरान रामघाट पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जल पुलिस, मोटरबोट्स और गोताखोरों की विशेष तैनाती रही।

हवाई सर्वे और रामघाट निरीक्षण के बाद सीएम योगी रामायण मेला पहुंचे। उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रभारी जिला मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री किट वितरित की और बच्चों को दुलारते हुए चॉकलेट व टॉफियां बांटीं। आपदा की घड़ी में सरकार आपके साथ जनसभा को सियाराम के जयघोष से संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने 12 वर्ष जिस धरा पर रहकर रामराज्य की परिकल्पना को साकार किया था, आज आपदा की इस घड़ी में पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जिस दिन बाढ़ आई, वह बलिया में थे, लेकिन तत्काल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अफसरों को अलर्ट कर बचाव कार्य शुरू कराए थे। पूर्व सरकारों पर निशाना सीएम ने घोषणा की कि बाढ़ में जिन लोगों के घर बह गए हैं या नष्ट हो गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया मकान या जमीन का पट्टा दिया जाएगा। पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि 2017 से पहले भी चित्रकूट में बाढ़ आती थी, लेकिन तब की सरकारें संज्ञान नहीं लेती थीं और राहत का सारा पैसा हजम कर जाती थीं।

# 26 सितंबर को एस. जयशंकर रखेंगे भारत की बात, बांग्लादेश की अध्यक्षता में होगी बैठक

**एजेंसी न्यूज**

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। बता दें क इस बार आम चर्चा की शुरूआत 22 सितंबर को होगी और पहला संबोधन ब्राजील का होगा, जिसके बाद अमेरिका अपनी बात रखेगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर साल 2024-25 को भी संयुक्त राष्ट के मंच से दुनिया के नेताओं को संबोधित कर चुके है। इस बार ये भाषण ऐसे समय में हो रहा जब रूस, अमेरिका, इरान जैसे देशों के बीच तनाव और संघर्ष जारी है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की



शुरूआत 8 सितंबर से होगी। वही, इस महासभा के 81वें सत्र की अध्यक्षता बांग्लादेश करेगा। 193 सदस्यीय इस संगठन के नेता 22 से 28 सितंबर तक होने वाले विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

शुक्रवार को जारी उच्च स्तरीय सत्र के संशोधित अस्थायी वक्ताओं की सूची के अनुसार, जयशंकर 26 सितंबर को दोपहर के सत्र में आम चर्चा में हिस्सा लेंगे। पिछले साल भी जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से वैश्विक नेताओं को संबोधित किया था।

आम चर्चा की शुरूआत 22 सितंबर को होगी और पहला संबोधन ब्राजील से होगा। वही, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 22 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रतिष्ठित मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान संयुक्त राष्ट्र में यह ट्रंप का दूसरा संबोधन होगा।

# अयोध्या: राम मंदिर चढ़ावा चोरी में महिपाल सिंह का बयान दर्ज

## गोविंद देव को महासचिव बनाने पर उठाए सवाल

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में नई एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी ने मामले के अहम गवाह माने जा रहे ट्रस्ट के पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिंह के बयान दर्ज किए हैं। अयोध्या के सीओ आशुतोष तिवारी ने शुक्रवार को वीडियोकॉल के माध्यम से करीब 20 मिनट तक उनसे पूछताछ की। इस दौरान वर्ष 2021 से अब तक की वित्तीय अनियमितताओं और चढ़ावे की गिनती में कथित गड़बड़ी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली गई। महिपाल सिंह इससे पहले 27 जुलाई को तत्कालीन एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी है। हालांकि, यह रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई




एसआईटी के समक्ष भी अपना बयान दर्ज करा चुके हैं। लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गठित तत्कालीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर लखनऊ आईजी जोन के नेतृत्व में नई एसआईटी का गठन किया गया।

# बांग्लादेश हाईकोर्ट से चार मामलों में जमानत: फिर भी जेल में ही रहेंगे चिन्मय दास

**एजेंसी न्यूज**

**ढाका।** बांग्लादेश की हाईकोर्ट ने चिन्मय कृष्ण दास को रविवार को दो और मामलों में जमानत दी। इसके साथ छह में से चार मामलों में उन्हें जमानत मिल चुकी है। फिर भी राजद्रोह मामले में जमानत पर रोक और हत्या के मामले की सुनवाई के कारण उनकी रिहाई अटकी हुई है। चिन्मय की गिरफ्तारी नवंबर 2024 में हुई थी और इसके बाद बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन तथा सांप्रदायिक तनाव बढ़ा था।

बांग्लादेश की हाईकोर्ट ने रविवार को जेल में बंद हिंदू अधिकार नेता चिन्मय कृष्ण दास को दो और मामलों में जमानत दे दी। ये दोनों मामले तोड़फोड़ और पुलिस के काम में बाधा डालने से



जुड़े हैं। हाईकोर्ट की जस्टिस केएम जाहिद सरवार और जस्टिस शेख अबू ताहेर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। इससे चिन्मय को कानूनी राहत जरूर मिली है, लेकिन उनकी तत्काल रिहाई अभी भी संभव नहीं है।

चिन्मय कृष्ण दास के खिलाफ कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनके वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने बताया कि अब उन्हें चार मामलों में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। पिछले महीने भी उन्हें दो मामलों में जमानत मिली थी। ये मामले तोड़फोड़, हमले और सरकारी काम में बाधा डालने से जुड़े थे। रविवार को मिली दो नई जमानत के बाद चार मामलों में उन्हें राहत मिल गई है।

# कानपुर में कच्ची छत ढहने से पिता समेत तीन बेटियों की मौत

**एजेंसी न्यूज**

**कानपुर।** हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी। ग्रामीणों की मदद से मलबे से मुकेश सिंह और उनकी तीन बेटियों माया, पल्लवी व नीतू को बाहर निकाला गया।

हादसे में चौथी बेटी काजल उर्फ लक्ष्मी मलबे में काफी गहराई में दब गई थी। ग्रामीण लगातार



मलबा हटाकर उसकी तलाश में जुटे रहे। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद काजल को बाहर निकाला जा सका। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पतारा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ग्रामीणों में पुलिस और प्रशासन के रवैये को लेकर नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे शुरूआती बचाव कार्य में देरी हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस के पहुंचने से पहले उन्होंने अपने स्तर पर मलबा हटाकर दबे लोगों को निकालने का प्रयास शुरू कर दिया था।

# लोक अदालत में निपटेंगे लंबित ट्रैफिक चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय




बरेली। वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है। यातायात पुलिस की ओर से 12 सितंबर शनिवार को जनपद न्यायालय बरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें वाहन से संबंधित लंबित ट्रैफिक चालानों का निस्तारण कराया जा सकेगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने लंबित चालानों का निपटारा कराएं। लोक अदालत में चालान निस्तारण के लिए वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। निस्तारण की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चलेगी। यातायात पुलिस के अनुसार जिन वाहन चालकों के चालान लंबे समय से लंबित हैं, वे निर्धारित तिथि पर जनपद न्यायालय पहुंचकर संबंधित प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। चालान से जुड़ी जानकारी अथवा निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में वाहन चालक यातायात पुलिस या जनपद न्यायालय से संपर्क कर सकते हैं। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि लोक अदालत की निर्धारित तिथि का लाभ उठाकर लंबित मामलों का समाधान कराएं। जानकारी के लिए यातायात पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9760160112 और 05812-565758 पर संपर्क किया जा सकता है।

# हरिद्वार से बसों में आ रहा था चाइनीज मांझा, बरेली में दो गिरफ्तार

## किला पुलिस ने 129 चरखी बरामद कीं, चोरी-छिपे महंगे दामों पर बेचने का आरोप; सप्लाई नेटवर्क की तलाश

जागरण मोर्चा कार्यालय




बरेली। प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। किला पुलिस ने शनिवार रात कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित मांझे की बिक्री से जुड़े दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 129 चरखी चाइनीज मांझा बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि मांझे की खेप हरिद्वार से बसों के जरिए बरेली पहुंचाई जा रही थी। यहां माल छिपाकर रखने के बाद फुटकर में ग्राहकों को महंगे दामों पर बेचने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात सूचना मिलने पर श्मशान भूमि फाटक से सराय तल्फी जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की गई। यात्री शेड के पास रात करीब नौ बजे दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। उनके पास प्रतिबंधित मांझे की 129 चरखियां मिलीं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गंगापुर निवासी विक्की पुत्र अर्जुन लाल और माचिस फैक्ट्री 71, गंगापुर सहदाना निवासी गौरव पुत्र लालाराम के रूप में हुई। दोनों बारादरी क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। बस के जरिए पहुंचती थी खेप पूछताछ में पुलिस को आरोपियों ने बताया कि वे हरिद्वार निवासी नितेश से मांझा मंगवाते थे। जरूरत के मुताबिक ऑर्डर देने के बाद खेप बस के जरिए बरेली भेजी जाती थी। बस पहुंचने पर आरोपी माल हासिल कर लेते थे। इसके बाद मांझे को छिपाकर रखा जाता और ग्राहकों को चोरी-छिपे फुटकर में बेचा जाता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मांझा किन-किन लोगों तक पहुंचाया जाना था और इस कारोबार में स्थानीय स्तर पर और कौन लोग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार विक्की का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ बारादरी थाने में चार मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आबकारी अधिनियम, मारपीट, तोड़फोड़, धमकी और सार्वजनिक जुआ अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं। किला पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223, 285, 291, 293 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस हरिद्वार से बरेली तक फैले सप्लाई नेटवर्क की अन्य कड़ियों की भी जांच कर रही है।

## संक्षेप समाचार

### शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ : प्रो. शर्मा




**बरेली।** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में रविवार को रामपुर गार्डन स्थित सभागार में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और शिक्षाविद प्रो. एनएल शर्मा की स्मृति में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। 'राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका' विषय पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज की प्रो. नमिता यादव और अध्यक्ष प्रो. एसके शर्मा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ उनके व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण भी करते हैं। शिक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे अहम है। क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने कहा कि शिक्षक मजबूत राष्ट्र की रीढ़ हैं। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 16 महिला शिक्षकों को माला, शाल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षिकाओं में प्रो. बीना यादव, प्रो. नमिता यादव, प्रो. प्रमिला शर्मा, डॉ. शिफालिका, रीता सक्सेना, डॉ. अनिला रंजन, मधु वर्मा, शकुन सक्सेना, प्रो. संध्या सक्सेना, प्रीती खरे, विनीता मेहरोत्रा, डॉ. निधि मिश्रा, नीतू टंडन, आशा शुक्ला, अलका सक्सेना और दीप्ति शर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने किया। डॉ. असित रंजन ने आभार जताया। इस दौरान कई शिक्षाविद और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गंगा के कटान की चपेट में प्राचीन गंगा मंदिर, पिलर और लेंटर का हिस्सा गिरा



**मीरगंज।** ग्राम पंचायत कपूरपुर, विकासखंड मीरगंज स्थित गंगा किनारे का प्राचीन गंगा मंदिर इन दिनों गंगा नदी के लगातार हो रहे कटान के कारण गंभीर संकट में है। कटान की वजह से मंदिर को पहले ही काफी नुकसान पहुंच चुका है। शनिवार की रात मंदिर का एक पिलर तथा लेंटर का कुछ हिस्सा भी गिर गया, जिससे मंदिर की सुरक्षा को लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।प्राचीन गंगा मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। गंगा तट पर स्थित होने के कारण मंदिर का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। लगातार हो रहे नदी के कटान ने अब इस धार्मिक विरासत के अस्तित्व के सामने चुनौती खड़ी कर दी है।मंदिर की गंभीर स्थिति को देखते हुए बाढ़ खंड बरेली प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों की ओर से मौके पर कटान रोकने और मंदिर को सुरक्षित रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। कटान की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य भी कराया जा रहा है। अधिकारियों की निगरानी में मंदिर की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं।हालांकि गंगा का कटान अभी भी लगातार जारी है। ऐसे में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की मांग है कि मंदिर की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से स्थायी और प्रभावी कटानरोधी कार्य कराया जाए, ताकि वर्षों पुरानी धार्मिक विरासत को भविष्य में होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक मंदिर की इमारत नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, श्रद्धा और धार्मिक परंपरा से जुड़ी धरोहर है। इसलिए इसके संरक्षण के लिए प्रशासन को तत्काल ठोस एवं दीर्घकालिक कदम उठाने की जरूरत है।गंगा मैया की कृपा से मंदिर सुरक्षित रहे और उसे बचाने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास सफल हों—यही श्रद्धालुओं की प्रार्थना है।अगर चाहें तो मैं इसे अमर उजाला/अमृत विचार की तरह 250—300 शब्दों की और ज्यादा धारदार अखबारी खबर में भी तैयार कर सकता हूं।

### बरसात में तालाब बना 82 फुटा रोड, घरों में कैद होने को लोग मजबूर

**बहेड़ी।** दक्षिणी हाइवे से बार्ड 25 को जोड़ने वाला 82 फुटा रोड बरसात में तालाब की शक्ल ले चुका है। हालात इतने बदतर हैं कि लोग घरों में केद होने को मजबूर हैं। घरों में बरसात का पानी घुस रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में घर से निकलने वाले लोग पानी से लबालब ऊबड़ खाबड़ रास्ते में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मालूम हो, मोहम्मदपुर चौराहे से दक्षिणी हाइवे स्थित एक धर्म कांटे तक नाले का पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने की वजह से 82 फुटा रोड पर ही जमा हो जाता है। कोढ़ में खाज यह कि हाइवे से यह रोड करीब दो फिट नीचा भी है जिसके चलते आसपास का पानी भी यहीं भर जाता है जिसका खामियाजा हर साल बार्ड 25 के वाशिंदों को उठाना पड़ता है। बरसात के चार महीने यहाँ के लोगों के लिए किसी नारकीय हालत में दिन गुजारने जैसे हैं। बार्ड सभासद ने बताया कि उक्त रोड को लेकर पालिका परिषद में प्रस्ताव भी हो चुका है पर संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे जिससे समस्या का निदान हो सके।

# छुट्टी के दिन स्कूल खुला, झाड़ियों और गंदगी के बीच सुरक्षा पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय




छुट्टी के दिन स्कूल खुला। -जागरण मोर्चा

- रविवार को आउटसोर्सिंग कर्मचारी की लगाई ड्यूटी, टूटी बाउंड्री और झाड़ियों में घिरा हैंडपंप देखकर उठे सवाल

**बरेली।** रविवार को जब शहर के अधिकांश विद्यालयों में सन्नाटा पसरा था, वहीं केडीईएम इंटर कॉलेज का परिसर खुला मिला। बताया गया कि प्रधानाचार्य के निर्देश पर आउटसोर्सिंग पर तैनात महिला कर्मचारी को विद्यालय की चौकीदारी के लिए बुलाया गया था। छुट्टी के दिन कर्मचारी की ड्यूटी लगाए जाने से विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए। आखिर रविवार को ऐसी क्या जरूरत पड़ी कि कर्मचारी को स्कूल बुलाना पड़ा? प्रधानाचार्य के मुताबिक, आवश्यकता होने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारी को रविवार को बुलाया जाता है और इसके बदले सोमवार या मंगलवार को अवकाश दिया जाता है। हालांकि, इस दिन कर्मचारी को बुलाने की विशेष वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। विद्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी और कूड़ा-कचरा पड़ा मिला। कई हिस्सों में घनी झाड़ियां उगी हुई हैं। इससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती है। झाड़ियों में सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों के छिपे होने की आशंका भी बनी रहती है। परिसर में लगा हैंडपंप भी झाड़ियों से घिरा है। बताया गया कि इसे शहर विधायक अरुण कुमार की ओर से लगवाया गया था। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लगाए गए हैंडपंप तक पहुंचना मुश्किल होने से उसके उपयोग पर सवाल उठ रहा है। वहीं विद्यालय की बाउंड्री वॉल का कुछ हिस्सा टूटा बताया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इसके लिए विद्यालय जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि पहले स्कूल से पंखे चोरी हो चुके हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल और गंभीर हो जाते हैं। प्रधानाचार्य ने जल्द सफाई कराने की बात कही। जिला विद्यालय निरीक्षक का पक्ष जानने के लिए फोन किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रकाशित किया जाएगा।

# गलत इंजेक्शन लगाने से विवाहित युवती की मौत, झोलाछाप पर परिजनों ने लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** मीरगंज क्षेत्र के ग्राम समसपुर में पेट दर्द की शिकायत पर उपचार कराने गई 20 वर्षीय नवविवाहिता की मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही एक झोलाछाप पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, ग्राम समसपुर निवासी लीलाधर की पत्नी बबली (20) को शनिवार रात करीब तीन बजे अचानक पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे गांव के ही योगराज पुत्र रामचरन के पास उपचार के लिए ले गए। परिजनों का आरोप है कि उपचार के दौरान योगराज ने बबली को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी।परिजनों के मुताबिक, हालत लगातार खराब होने के बाद सुबह करीब सात बजे बबली की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 के माध्यम से पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर मीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की।पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। पुलिस ने फील्ड यूनिट को भी सूचना दे दी है। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था सामान्य है।

# शोभायात्रा में गूंज रहे थे कृष्ण के जयकारे, नदी में डूबा छात्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक सनी।

**बरेली।** गांव में जन्माष्टमी की शोभायात्रा निकल रही थी। चारों ओर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंज रहे थे और ग्रामीण उत्सव में डूबे थे। इसी बीच देवरनियां क्षेत्र में हुए हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। गांव खाता निवासी कक्षा सात के 15 वर्षीय छात्र सनी की नदी में डूबने से मौत हो गई। करीब दो घंटे तक परिजन और ग्रामीण नदी में उसकी तलाश करते रहे। बाद में पानी में शव उतराता दिखाई दिया तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव खाता निवासी मुरारीलाल का बेटा सनी कक्षा सात में पढ़ता था। शनिवार को जन्माष्टमी के अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली जा रही थी। बड़ी संख्या में ग्रामीण शोभायात्रा में शामिल थे। इसी दौरान दोपहर करीब तीन बजे सनी नदी में डूब गया। कुछ देर बाद उसके नदी में डूबने की जानकारी परिजनों को मिली तो हड़कंप मच गया। शोभायात्रा में शामिल लोग भी नदी की ओर दौड़ पड़े। परिजनों और ग्रामीणों ने नदी में उतरकर सनी की तलाश शुरू कर दी। करीब दो घंटे तक खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। इसी बीच नदी के पानी में सनी का शव उतराता दिखाई दिया। शव देखते ही परिजनों की चीख निकल गई। कुछ देर पहले तक जिस गांव में जन्माष्टमी की रौनक थी, वहां देखते ही देखते मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम प्रधान दीप प्रकाश ने बताया कि सनी दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता मुरारीलाल मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बड़े बेटे की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटे का शव देखकर परिजन बदहवास हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

# स्कूल जा रही छात्रा का रास्ता रोककर पकड़ा हाथ, दादी की तहरीर पर रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा का रास्ता रोककर पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा हाथ पकड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने छात्रा से प्यार करने की बात कही। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और घरवालों को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद छात्रा डर गई। मामले में छात्रा की दादी ने इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दादी के मुताबिक उनकी पोती उनके साथ रहकर पढ़ाई करती है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला चंदू पुत्र छोटे लाल काफी समय से छात्रा का पीछा करता है और स्कूल जाते समय उसे रोकने का प्रयास करता था। शनिवार सुबह करीब सात बजे छात्रा स्कूल जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने रास्ते में उसे रोक लिया और उसका हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि युवक ने छात्रा से कहा कि वह उससे प्यार करता है। छात्रा ने उसकी बात का विरोध करते हुए उसे मना किया तो युवक गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने छात्रा को धमकाते हुए कहा कि यदि उसने घटना के बारे में घरवालों को बताया तो उसके लिए अच्छा नहीं होगा।घटना के बाद छात्रा काफी भयभीत है। दादी का आरोप है कि युवक पहले भी उनकी पोती का पीछा करता रहा है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही छात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**राहत** हाईवे चौड़ीकरण पूरा होने पर पीलीभीत से आगे शिफ्ट होगा टोल, मंत्रालय ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

# लभेड़ा टोल प्लाजा हटेगा, बरेली से पीलीभीत तक सफर होगा टोल फ्री

जागरण मोर्चा कार्यालय




लवेरा टोल प्लाजा। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** बरेली से पीलीभीत जाने वाले वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे के चौड़ीकरण का काम पूरा होने के बाद नवाबगंज क्षेत्र के लभेड़ा में बना टोल प्लाजा यहां से हटाकर पीलीभीत से आगे स्थानांतरित किया जाएगा। एनएचएआई की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को परिवहन मंत्रालय की मंजूरी मिल चुकी है। टोल प्लाजा शिफ्ट होने के बाद बरेली से पीलीभीत तक आने-जाने वाले वाहनों को टोल शुल्क नहीं देना होगा। बरेली से पीलीभीत जाने वाले मार्ग पर लभेड़ा टोल प्लाजा होने के कारण स्थानीय वाहन चालकों को भी शुल्क देना पड़ता है। इसे लेकर लंबे समय से क्षेत्रीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की ओर से टोल हटाने की मांग की जा रही थी। बरेली-सितारगंज हाईवे के चौड़ीकरण की योजना शुरू होने के बाद इस मांग ने और जोर पकड़ा। इसके बाद एनएचएआई ने टोल प्लाजा को पीलीभीत से आगे ले जाने का प्रस्ताव तैयार कर मंत्रालय को भेजा था। अधिकारियों के अनुसार टोल प्लाजा को अभी नहीं हटाया जाएगा। हाईवे के चौड़ीकरण का काम पूरा होने के बाद ही इसे पीलीभीत से आगे शिफ्ट किया जाएगा। फिलहाल निर्माण कार्य के चलते हाईवे पर कई जगह यातायात प्रभावित है और जरूरत के अनुसार डायवर्जन भी किए गए हैं। चौड़ीकरण के दौरान यातायात की स्थिति को देखते हुए लभेड़ा टोल प्लाजा पर शुल्क पहले ही कम किया जा चुका है। कार से अब 40 रुपये टोल लिया जा रहा है, जबकि पहले यह 70 रुपये था। व्यावसायिक चार पहिया वाहनों का शुल्क 110 से घटाकर 65 रुपये और बसों का 240 से 140 रुपये किया गया है। थ्री-एक्सल वाहनों का टोल भी 250 से घटाकर 160 रुपये कर दिया गया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर (तकनीकी) अश्वनी चौहान ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए टोल प्लाजा स्थानांतरित करने का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया था। प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। हाईवे का चौड़ीकरण पूरा होते ही लभेड़ा टोल प्लाजा को पीलीभीत से आगे शिफ्ट कर दिया जाएगा।

## बारिश से तहसील क्षेत्र में 8 मकान गिरे

**आंवला।** तहसील क्षेत्र में करीब एक सप्ताह से रुक-रुककर लगातार बारिश हो रही है। रविवार को हुई बारिश के दौरान क्षेत्र के 7 गांवों में 8 कच्चे मकान भरभराकर गिर गए। मकानों के मलबे में घर का सामान दब गया। हालांकि किसी भी हादसे में जनहानि की सूचना नहीं है। नसरतगंज गांव में ओमप्रकाश,पूरनलाल, फुलासी गांव में रीना पत्नी राजीव कुमार सिंह, रहमानपुर गांव में आदेश, नामदारगंज में शिवसेन, मुगलपुर गांव में सतीश कुमार शर्मा, पिपरिया वीरपुर गांव में लालाराम लोधी और शिवपुरी गांव में किशोरी नंदन का मकान बारिश के चलते गिर गया। मकान गिरने से घरों में रखा सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के लोग मकानों से बाहर निकल गए थे, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

# घायल बंदर को बचाने पहुंचे रिक्शा चालक पर झुंड ने किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** घायल बंदर के बच्चे को मदद देने की कोशिश एक रिक्शा चालक को भारी पड़ गई। रविवार सुबह सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर के पास घायल बंदर के नजदीक पहुंचे 45 वर्षीय शराफत पर अचानक बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों ने उन्हें घेरकर पैर की एड़ी में कई जगह काट लिया। चीख-पुकार सुनकर मंदिर के पुजारी मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है और हालत स्थिर बताई गई है। शराफत के मुताबिक, वह रविवार सुबह करीब छह बजे रिक्शा लेकर हनुमान मंदिर पहुंचे थे। मंदिर के पास टंकी पर मुंह धोने के दौरान उनकी नजर सड़क पर घायल पड़े एक बंदर के बच्चे पर गई। उसे घायल देखकर वह मदद के इरादे से उसके पास जाने लगे। इसी बीच आसपास मौजूद बंदरों का झुंड अचानक उनकी ओर दौड़ पड़ा और उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। बंदरों से बचने के प्रयास में वह जमीन पर गिर पड़े। इसी दौरान बंदरों ने उनके पैर की एड़ी में कई जगह काट लिया। हमले में वह घायल हो गए। उनकी हालत देखकर मंदिर के पुजारी तत्काल मदद के लिए पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भेजा। घटना के बाद मंदिर और आसपास के क्षेत्र में राहगीरों तथा स्थानीय लोगों में बंदरों को लेकर दहशत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके हमलों की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।





## एक नजर

### ब्लेसिंग गार्डन में हुई पीडीए जन पंचायत

**बहेड़ी।** बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के मुख्य आतिथ्य में पी डी ए के एक अंश दलित जन पंचायत का आयोजन किया गया। भाजपा से संविधान को खतरा बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में सपा को 42 फीसद वोट मिला था इसमें वहु जन समाज का चार फीसदी वोट जोड़कर दलित और आरक्षण विरोधी सरकार को हटाया जा सकता है। सपा विधायक अताउर्रहमान ने किसानों को खाद की किल्लत, बढ़ती मंहगाई का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर अंग्रेजों की फूट डालो, राज करो वाली नीति पर चलने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय सचिव ब्रहम स्वरूप सागर ने बारिश के वावजूद बड़ी संख्या में दलित समाज के लोगों की भागीदारी पर उनका आभार व्यक्त किया। जन पंचायत को महानगर अध्यक्ष शमीम खान, रणवीर सिंह, स्मिता यादव, बफाउरहमान, विजेंद्र सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा में उमड़ी भक्ति मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बादल की टीम रही अव्वल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को अत्यंत श्रद्धा, भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में नगर में मनमोहक धार्मिक झांकियों से सजी एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसका स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से स्वागत किया। बैंड-बाजों की धुन और श्रीकृष्ण के जयकारों से समूचा कस्बा भक्तिरस में डूबा नजर आया।

सनातन वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने विधि-विधान से पूजन करने के उपरांत शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाई। यह यात्रा जानकी देवी इंटर कॉलेज के निकट स्थित प्रकाशी लाला के शिव मंदिर से आरंभ होकर मुख्य बाजार तथा लोधी नगर चौराहे से गुजरते हुए भिटौरा स्टेशन तक पहुंची, और अंततः ठाकुरद्वारा मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल श्रीकृष्ण-राधा सहित विविध धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रहीं।

शोभायात्रा के साथ-साथ कस्बे के भिन्न-भिन्न इलाकों में माखन-मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। पुराने कपड़ा बाजार स्थित अंसारी मोहल्ले से इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें पांच टोलियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवा वर्ग में इसे लेकर विशेष जोश देखने को मिला। कड़े मुकाबले के बाद बादल की टोली ने मटकी फोड़कर बाजी अपने नाम कर ली और 9,900 रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। इसी तरह सीको वाली गली में हुई प्रतियोगिता में गुरदीप विजयी रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग समेत कस्बे के अनेक अन्य स्थानों पर भी मटकी फोड़ आयोजन किए गए। शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी तादाद में नगरवासी सड़कों पर उमड़ पड़े। श्रीकृष्ण-राधा की मनोहारी झांकियों के साथ अन्य धार्मिक झांकियां भी दर्शकों को खूब भायीं। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और बैंड की स्वर-लहरियों से चतुर्दिक कृष्णमय वातावरण छा गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह चौकस रहा। सीओ हाईवे देवेश सिंह, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और चौकी प्रभारी आदेश कुमार अपने बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत एक प्लाटून पीएसी भी तैनात की गई थी, और पुलिसकर्मी यात्रा मार्ग तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर सतत निगरानी रखते रहे। इस अवसर पर विधायक डॉ. डीसी वर्मा, पूर्व चेयरमैन केपी मौर्य, व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल, प्रेमपाल गंगवार, विधायक संजय चौहान, राजकपूर गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, अमित गोयल, सतीश चाचा, सचिन गुप्ता, गोविंद गुप्ता, तुषार रस्तोगी, मयंक गंगवार, सुबोध पोरवाल, सुरेश गुप्ता, महिपाल सिंह, विपिन गुप्ता, राहुल पांडे , बाबू रस्तोगी, राजेश भारद्वाज, मुनेंद्र मोहन पाठक, और शुभम अग्रवाल सहित कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### बरसात की भेंट चढ़ गया रविवार

**बहेड़ी।** रविवार का दिन बरसात की भेंट चढ़ गया। सुबह तड़के से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। दिन भर बारिश होने से तमाम कारोबारी जहाँ हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे तो साप्ताहिक बाजार में भी किराना, सब्जी तथा फल बिक्रेता ग्राहकों की बाट जोहते रहे। बहुत जरूरी होने पर ही लोग अपने घरों से निकले। दिन ढलते ही सड़कें सुनसान होने लगने से मुख्य मार्ग सहित सभी दुकानों के शटर डाउन हो गये। सुबह शाम सड़कों पर खा पीकर टहलने वाले लोग भी घरों में दुबकने को मजबूर हो गये।

### लोहार नगला में जन्माष्टमी मेले का हुआ शुभारंभ, झांकी देखने उमड़े ग्रामीण



**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्रीय गांव लोहार नगला में रविवार से तीन दिनों तक चलने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले की शुरुआत हो गई। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार 'वीरू' मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार और प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेला अध्यक्ष सिंटू पाठक ने इस मौके पर आए सभी अतिथियों को शाल भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन कार्यक्रम से पहले स्थानीय मंदिर से एक आकर्षक झांकी निकाली गई। इस झांकी में विभिन्न वेशभूषाओं में सजे बच्चे विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे, जिन्हें देखने के लिए रास्ते भर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। मेला अध्यक्ष सिंटू पाठक के अनुसार, पिछले वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी तीन दिवसीय मेले में कई धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इस अवसर पर ,अंकित भारद्वाज, पुष्पेंद्र साहू, पीके साहू, राजेंद्र माथुर, महेंद्र पाल साहू, दीपचंद मौर्य, कैलाश मौर्य, सुरेंद्र दिवाकर, पुत्तू लाल साहू, महिपाल सिंह, सुरेश गुप्ता, सौरभ पाठक योगेंद्र सिंह और होरी लाल महात्मा समेत मेला कमेटी के अनेक सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### झमाझम बरसात के बीच भव्यता से निकली दधिकांधो शोभायात्रा



**फरीदपुर (बरेली)।** नगर में भव्य रुप से निकाली गयी पारंपरिक दधिकांधो शोभायात्रा। शोभायात्रा का शुभारंभ एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने किया, इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। जन्माष्टमी के पर्व के बाद निकलने वाली पारंपरिक दधिकांधो शोभायात्रा मोहल्ला फर्रखपुर दुर्गा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: दुर्गा देवी मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में एलईडी लाइटों से सज्जित श्री गणेश, अर्धनारीश्वर, पंचमुखी हनुमान, सीताराम दरबार, मां दुर्गा का भव्य सिंहासन, इलेक्ट्रॉनिक मूवमेंट झांकी, नाग नागिन झांकी, देश भक्ति झांकी, झूला झूलते हुए राधा कृष्ण, रास मंडल की झांकी आदि 40 से अधिक भगवान के सुंदर स्वरूपों की झांकियां मौजूद रहीं। एलईडी लाइट से सजे हुए भव्य रथ पर घूमते हनुमान जी व डायनासोर आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में उत्साही नवयुवक डीजे पर बज रहे भजनों की धुनों पर नाचते गाते थिरकते चल रहे थे। जगह–जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया इस दौरान भंडारों का भी आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम विदुषी सिंह, तहसीलदार प्रशांत अवस्थी, सीओ संदीप सिंह, इंस्पेक्टर राधेश्याम के साथ स्थानीय पुलिस फोर्स के अलावा अन्य थानों का पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा। दधिकांधो शोभायात्रा में प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपदेश गुप्ता, महामंत्री नरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीताराम गुप्ता , मुख्य शोभायात्रा प्रबन्धक अनिल गुप्ता (मोहन), शोभायात्रा प्रभारी सोहन लाल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनिल गुप्ता (रवि जनरल स्टोर), उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नरेश गुप्ता, अंकुर गुप्ता, संजीव गुप्ता नीटू, मंत्री अभिषेक गुप्ता, अनुज पाण्डेय, हर्षित अग्रवाल बिल्लू, ब्रह्माशंकर गुप्ता, राजेश गुप्ता, सतेन्द्र सिंह लवी, सतीश गुप्ता, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अम्बरीश अग्रवाल, हरेंद्र गंगवार, डब्लू भारद्वाज आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आर एस एस द्वारा युवा व्यवसायी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बहेड़ी।** युवा कारोबारियों को की राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका बढ़ाने और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करने की भावना के साथ आर एस एस की स्थानीय इकाई की ओर से नगर में युवा व्यवसायी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरीश चंद्र ने संघ के पंच परिवर्तन के लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि, संघ समाज के पांच खास क्षेत्रों में परिवर्तन लाना चाहता है । परिवार में संस्कार, आपसी समझ बूझ, सामाजिक समरसता, जातिवाद को भूलकर समस्त हिंदू समाज की एकजुटता तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ साथ स्वदेशी अपनाकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प शामिल है। उन्होंने कहा कि, एकल परिवार, युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तथा कर्तव्य हीनता समस्या बन रही हैं। युवा व्यवसायी वर्ग इन सभी मुद्दों पर जिम्मेदारी की भावना से काम करेगा तो निश्चित रूप से समाज में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। कार्यक्रम में प्रचारक लाखन सिंह, जगदीश, हर्ष गुप्ता व चंदन सिंह समेत बड़ी संख्या में युवा व्यवसायी और आर एस एस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अलंकार अग्निहोत्री को बड़ा झटका, राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के 39 पदाधिकारियों का सामूहिक इस्तीफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को बरेली में बड़ा संगठनात्मक झटका लगा है उन पर गंभीर आरोप लगाये है। रशीद बुक छपवा कर धन की उगाई करना प्रत्याशी तलाशने का दबाव रजिस्ट्रेशन के नाम पर दो लाख और टिकट के लिए 9 लाख का आरोप है। उनके कार्य से परेशान होकर संगठन के करीब 39 पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब में संयुक्त प्रेस वार्ता कर अपने पदों से सामूहिक इस्तीफे की घोषणा की।




पदाधिकारियों ने संगठन की वर्तमान कार्यप्रणाली और गतिविधियों पर गंभीर असहमति जताते हुए आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के नाम पर लोगों से धनराशि मांगी जा रही है, जिसकी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा कोई राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक ट्रस्ट है और ट्रस्ट के नाम पर होने वाले धन संग्रह में पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और उचित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। सामूहिक इस्तीफा देने वालों में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा बरेली के आर्येंद्र मिश्रा जिला अध्यक्ष, अजय शर्मा पदाधिकारी, महानगर सचिव, एकांश गुप्ता महानगर अध्यक्ष, राजीव शर्मा जिला उपाध्यक्ष, शंभू पाठक जिला महामंत्री, करण सारस्वत जिला महामंत्री, प्रियांशु मिश्रा जिला कार्यकारिणी सदस्य, सनी पांडे जिला कोषाध्यक्ष, अमित मिश्रा जिला अध्यक्ष, विधि प्रकोष्ठ, अक्षय शुक्ला जिला सचिव, दिनेश सक्सेना जिला सचिव, अनिल तिवारी महानगर उपाध्यक्ष, विशाल शर्मा महानगर सचिव, जयनारायण शर्मा जिला उपाध्यक्ष, करण शर्मा जिला महासचिव, अमित संस्कार जिला महासचिव, शिवांश शर्मा जिला प्रवक्ता, उत्कर्ष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, आयुष अग्रवाल महानगर महासचिव, लक्ष्य अग्रवाल मीडिया प्रभारी महानगर, हर्षित जायसवाल जिला सचिव, देवांश संघर्ष युवा मोर्चा, महानगर, रजत संग्रहर महानगर सचिव, आशीष शर्मा जिला सचिव, भागीरथ गोस्वामी महानगर उपाध्यक्ष, प्रिंस गुप्ता महानगर सचिव , विशाल सिंह महानगर महासचिव, युवा मोर्चा, पंकज शर्मा महानगर उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार बेस्ट पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष, संजीव शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य, सुभाष सक्सेना युवा मोर्चा अध्यक्ष, बहेड़ी विधानसभा, सुबोध मिश्रा युवा मोर्चा अध्यक्ष, आलमपुर विधानसभा, आशीष मिश्रा जिला कार्यकारी सदस्य, कुलदीप मिश्रा जिला कार्यकारिणी सदस्य, भरत वाजपेई विधानसभा अध्यक्ष, कैंट विधानसभा, कुमकुम सक्सेना महिला मोर्चा, सुदीप शर्मा जिला कार्य समिति सदस्य, संजीव गोस्वामी महामंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अंकित सक्सेना जिला सचिव कुल पदाधिकारी 39 है।

# आंवला में ताइक्वांडो एकेडमी का भव्य शुभारंभ



जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा में खेल प्रेमियों और बच्चों के लिए ताइक्वांडो एकेडमी का शुभारंभ कुँवर सिद्धराज सिंह ने फीता काटकर किया। इस नई शुरुआत से स्थानीय बच्चों और युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने के साथ ही आत्मरक्षा के गुर सीखने का अवसर मिलेगा। अतिथियों ने कहा कि इस तरह की खेल अकादमियां युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में अम्बर अग्रवाल, शिवेक खंडेलवाल, सोखी अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, गौरव शर्मा, राजेश सिंह, रवि सिंह, राजा गुप्ता, अमूल अग्रवाल, स्वजल अग्रवाल, मुरली मनोहर मौर्य, विजय प्रताप और विक्की सोलंकी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# सपा में शामिल हुए सर्वेश गंगवार, नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार का हुआ जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** समाजवादी पार्टी के 119 विधानसभा मीरगंज कार्यालय पर रविवार को स्वागत एवं सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी सदस्य भद्रसेन गंगवार एवं लोधी गंगा सिंह वर्मा का भी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।कार्यक्रम के दौरान ग्राम ठिरिया खुर्द निवासी सर्वेश गंगवार ने अपने तमाम साथियों के साथ भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार और मौजूद




पार्टी कार्यकर्ताओं ने सर्वेश गंगवार का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।सदस्यता ग्रहण के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। पार्टी नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।इस अवसर पर सुरेश गंगवार, भद्रसेन गंगवार (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), लोधी गंगा सिंह वर्मा, शिवम सक्सेना (महासचिव, 119 विधानसभा मीरगंज), सरदार हरभजन सिंह, सर्वेश गंगवार, धर्मवीर शर्मा, धीरेंद्र सिंह यादव, रामकिशोर राठौर, ऋषिपाल प्रजापति, अमित सिंह, दुर्गेश गंगवार, अमित कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश से जलमग्न हुआ शीशगढ़, पानी में उतरकर सफाई कराने पहुंचे वसीम अकरम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज/शीशगढ़।** मूसलाधार बारिश के बाद नगर पंचायत शीशगढ़ के कई वार्डों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। वार्ड 01 जाटवान, वार्ड 12 गोड़ी, वार्ड 04 भमसेन, वार्ड 08 शेखुपुरा, वार्ड 06 तकिया और वार्ड 13 अगवाड़ा समेत कई मोहल्लों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। जलभराव में वाहन बंद होने और लोगों के गिरने की स्थिति भी सामने आई।चेयरमैन प्रत्याशी वसीम अकरम ने मौके पर पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया और खुद पानी में उतरकर नालियों की सफाई कराकर जल निकासी कराने का प्रयास किया। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय के सामने घुटनों तक



पानी भरा होने की बात कही। वसीम अकरम ने आरोप लगाया कि जल निकासी के लिए करीब दो माह पहले पुलिया का निर्माण कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि समय से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गंभीर स्थिति के बावजूद अध्यक्ष पति मौके पर नजर नहीं आए। इस दौरान नदीम अशरफ, अफराज रजा, नवाज शरीफ और मोहम्मद रजा मुस्तफी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने जल निकासी की स्थायी व्यवस्था और जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग की।

**आयोजन** गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षा गृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में हुआ सम्मान समारोह

# राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर लौटे शिक्षकों का हुआ भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर लौटे शिक्षकों का जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत। गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षा गृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षकों को मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग में पूरे सूबे से चयनित 20 लोगों में अपना स्थान बना कर सम्मान प्राप्त करने के बाद गृह नगर वापसी पर गुलाब राय इंटर कॉलेज में वाणिज्य के अध्यापक राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कुंवर डॉ. संजय सिंह एवं रिठौरा के दरबारी लाल इंटर कॉलेज के समाजशास्त्र के अध्यापक राजपाल जी,



जयनारायण इंटर कॉलेज के कला के अध्यापक राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त विजयपाल प्रजापति का सर्वप्रथम जिले की सीमा पर चेयरमैन फतेहगंज पूर्वी संजय पाठक के साथ लोगों ने स्वागत किया। शिक्षकों ने प्रसिद्ध पंचेश्वरनाथ मंदिर पर जलाभिषेक किया। नवादा वन मोड़ पर योगेंद्र शर्मा ने शिक्षकों का स्वागत किया। फरीदपुर में प्रवेश करने पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित कुंवर डॉ.संजय सिंह ने सर्वप्रथम अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थली सरकारी प्राइमरी पाठशाला को नमन किया, इसके बाद सीएएस इंटर कॉलेज पहुंचकर लाला छंगामल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात श्यामसुंदर कन्या इंटर कॉलेज पहुंचकर श्या सुंदर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बाद में सनातन धर्म सत्संग भवन पहुंचकर भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह के निवास कैम्प कार्यालय पर सम्मानित शिक्षकों का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह परमार, अनिल राणा, उदय वीर सिंह, देवेंद्र सिंह टोनी, संजीव शर्मा, अजीत सिंह, संजीव शुक्ला, शुभांकर मिश्रा, आकाश शुक्ला, अनूप नारायण मिश्रा, छत्रपाल दिवाकर, रामेश्वर प्रसाद, जवाहर लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लगातार बारिश के चलते बरेली में कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल बंद

**बरेली।** जनपद में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में 7 सितंबर को अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले के यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के साथ ही परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 7 सितंबर को शिक्षण कार्य बंद रहेगा। लगातार बारिश के बीच विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# 10 लाख की स्मैक के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज/शाही।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शाही पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार कथित स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 102.15 ग्राम स्मैक, 82,500 रुपये नकद, आई-10 कार, बुलेट मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और कपड़े का बैग बरामद हुआ है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक उपनिरीक्षक मुनेन्द्र सिंह मय पुलिस बल गणेशपुर-रास रोड पर बसई जाने वाले खड़ंजे के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध आई-10 कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस का कहना है कि कार सवारों ने भागने का




प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान किशन शर्मा (33), फारूक (22), तेजपाल (35), निवासी ग्राम जोनेर थाना मीरगंज तथा छविराम गिरि (40), हाल निवासी मढ़ी मंदिर ग्राम जगदीशपुर थाना शीशगढ़ के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने स्मैक हल्द्वानी से खरीदकर फुटकर बिक्री के लिए ले जाने की बात बताई। थाना शाही में मुकदमा अपराध संख्या 306/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## एक नजर

### डंडे से मारपीट करने का आरोप, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादनगर निवासी शैलेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही दो लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शैलेंद्र के अनुसार, एक सितंबर की शाम करीब छह बजे वह घर से खेत पर बाजार की फसल देखने जा रहा था। गांव के बाजार के निकट पुलिया के पास पहुंचने पर गांव के ही पवन ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पवन और प्रेम सिंह ने लात-घूंसों और डंडे से उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में उसके बाएं हाथ में चोट आई, जिसका उपचार कराया जा रहा है। शिकायत के आधार पर बिल्सी पुलिस ने पवन और प्रेम सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भैंस चोरी के मुकदमे में वांछित हिस्ट्रीशीटर इस्लामनगर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों पैरों में लगी गोली, सिपाही भी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**इस्लामनगर।** थाना क्षेत्र में भैंस चोरी के मुकदमों में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी। वहीं फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मुठभेड़ के बाद आरोपी को लाती इस्लामनगर थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

पुलिस के अनुसार, थाना इस्लामनगर में दर्ज भैंस चोरी के मुकदमे में वांछित आरोपी शौकीन उर्फ शानू उर्फ शौकत पुत्र नसीर धोबी निवासी मोहल्ला मुस्तफाबाद, कस्बा इस्लामनगर की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पांच-छह सितंबर की रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सफेद रंग की अपाचे बाइक से भवानीपुर से बिसौली रोड की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भवानीपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद सफेद रंग की अपाचे बाइक आती दिखाई दी। पुलिस ने बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में आरक्षी काले सिंह घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बाइक सवार शौकीन के दोनों पैरों में गोली लगी और वह घायल हो गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, तीन खोखे, एक जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की। घायल आरोपी और सिपाही को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल बदायूं भेजा गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी थाना इस्लामनगर का हिस्ट्रीशीटर है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ बदायूं और संभल जनपद के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, चोरी, लूट की तैयारी, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत करीब 38 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2026 तक के मामले शामिल हैं। भैंस चोरी के दोनों मुकदमों में उसके एक सहयोगी शाहरूख पुत्र फारूख निवासी मिलक लालूबाला, थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद को पांच सितंबर को जेल भेजे जाने की भी जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ मुठभेड़ और बरामदगी के संबंध में भी थाना इस्लामनगर में अभियोग दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## संक्षेप समाचार

### बेहटा गुसाईं में निकली कान्हा जी की भव्य शोभायात्रा

**बिल्सी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शनिवार शाम तहसील क्षेत्र के ग्राम बेहटा गुसाईं में गाजे-बाजे के साथ भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का गांव में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। बेहटा गुसाईं में शोभायात्रा गांव के जूनियर हाईस्कूल से शुरू होकर मेन चौराहा, साहू तिराहा, ठाकुर द्वारा, जाटव बस्ती, राय सती मोहल्ला, तांगा स्टैंड, मोहल्ला सम्राट अशोक नगर और रामलीला ग्राउंड होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर मेला ग्राउंड में संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी विभिन्न झांकियां शामिल रहीं। युवाओं की टोली ने काली का अखाड़ा प्रस्तुत किया। इसके अलावा हाथी-घोड़े, राधा-कृष्ण की पालकी और महाकाल की झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा को देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा को सफल बनाने में विकास कुमार,अंकित शर्मा, राजेश गुप्ता, कन्हैया वार्ष्णेय, नवल पुरी, नवीन गुप्ता, सुमित गुप्ता, कपिल गुप्ता, कृष्णगोपाल, यशपाल, राजू, मुकेश गुप्ता, प्रमोद कुमार, अखिलेश बाबू, पुलकित आदि का विशेष सहयोग रहा।

### दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग, महिला को पीटकर घर से निकाला, पति समेत छह पर प्राथमिकी दर्ज

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के ग्राम दिननगर शेखपुर निवासी अंजलि ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजलि ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पूर्व उझानी थाना क्षेत्र के ग्राम बिहार बरसूया निवासी अनिल के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार दान-दहेज देकर हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति अनिल, जेठ श्रीकृष्ण, ससुर प्रेमपाल, सास राजकुमारी, ननद ज्ञाना और नंदोई करण सिंह दहेज में मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि करीब एक माह पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने का प्रयास किया और मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### तेज बारिश से बदला मौसम का मिजाज, जलभराव से राहगीर परेशान

**बिल्सी।** रविवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रुक-रुककर बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। बदायूं में रविवार को बारिश की संभावना और अधिकतम तापमान करीब 31 डिग्री रहने का पूर्वानुमान भी दर्ज किया गया। बारिश के बाद नगर की कई प्रमुख सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव हो गया। जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर पानी भरने से पैदल राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी आवागमन में दिक्कत हुई। बारिश को खेती के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। लंबे समय से गर्मी और सूखे की स्थिति से जूझ रहे खेतों को बारिश से राहत मिली है। किसानों का कहना है कि इस समय हुई बारिश फसलों के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकती है। इससे फसलों को नमी मिलने के साथ अच्छी उपज की उम्मीद बढ़ी है।

### शिक्षक दिवस पर डी पॉल स्कूल में शिक्षकों का सम्मान




कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन बीसी और प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी थॉमस ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं प्रार्थना के साथ किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता, भाषण और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन बीसी ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करना भी है। उन्होंने शिक्षकों के परिश्रम, समर्पण और अनुशासन की सराहना की। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी थॉमस ने विद्यार्थियों से शिक्षकों का सम्मान करने और उनके बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### नौ दिन बाद करियामई पहुंचा ट्रांसफार्मर

**बदायूं।** रुदायन विद्युत उपकेंद्र से पोषित गांव करियामई के सोरहा रोड पर पिछले नौ दिनों से खराब पड़े 100 केवीए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर पहुंच गया है। इससे लंबे समय से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। ट्रांसफार्मर पहुंचने के बाद विभागीय कर्मचारियों द्वारा उसे स्थापित कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। गांव में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर करीब नौ दिन पहले खराब हो गया था। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को घरेलू कामकाज के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी कार्यों में भी परेशानी उठानी पड़ी।

# शिक्षक समाज की आधारशिला, शिक्षकों का सम्मान कर जताया आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ बदायूं गोल्ड की ओर से पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों को शिक्षा, संस्कार और समाज निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने भी शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद रोटरी




शिक्षकों का सम्मान करते रोटरी क्लब के सदस्य। -जागरण मोर्चा

क्लब अध्यक्ष रो. अनिल कुमार गुप्ता एवं सचिव रो. प्रमोद शर्मा ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। मंच संचालन रो. डॉ. वैभव गुप्ता ने किया। उन्होंने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः' श्लोक का वाचन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार, चरित्र और भविष्य को दिशा प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समाज की आधारशिला हैं। उनके मार्गदर्शन से ही शिक्षित, संस्कारित और बेहतर समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में रो. डॉ. संजीव गुप्ता, रो. सुरजीत गुप्ता, रो. राम मोहन अग्रवाल, रो. अनिल गुप्ता सोनू, रो. गोपाल रस्तोगी, रो. राजेश गुप्ता, रो. पवन शर्मा, रो. डॉ. कौशल गुप्ता, रो. संजीव सक्सेना, रो. अमित वैश्य, रो. सुनील गुप्ता, रो. जितेंद्र महाजन, रो. डॉ. गोपाल वैश्य, रो. डॉ. मोहित शर्मा, रो. मिथर्थ वर्मा, रो. तोशीन्द्र सिंह, रो. राहुल गोयल, रो. मनोज गुप्ता, रो. मुकेश गुप्ता, रो. देवेंद्र गुप्ता, रो. सुगम वाष्र्णेय, रो. मनोज मसीह एवं रो. विनोद गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

समापन पर रो. डॉ. वैभव गुप्ता ने सभी अतिथियों, क्लब पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता की परंपरा का प्रतीक है।

# अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरेन।** थाना वजीरगंज क्षेत्र में सैदपुर-वगरैन मार्ग पर नक्शा बाजार के आगे शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक की पहचान अमनदीप उर्फ लल्ला बाबू (20) पुत्र महेंद्र निवासी गांव सरौरी, थाना वजीरगंज के रूप में हुई है। बताया गया कि अमनदीप गांव से खेत पर गया था। वहां से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान नक्शा बाजार के आगे पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# भाभी को बचाने पहुंचे देवर पर भाई ने आरी से किया हमला, गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत ललुआनगला में रविवार तड़के घरेलू विवाद के दौरान भाभी को बचाने पहुंचे देवर पर उसके बड़े भाई ने कथित तौर पर लोहे की आरी से हमला कर दिया। सिर में आरी लगने से छोटा भाई गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार रविवार की भोर में अतुल और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अतुल अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। पत्नी किसी तरह घर से निकलकर

**सिर में लोहे की आरी लगने से गुड्डू गंभीर घायल, बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा उपचार**

अपनी जान बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन घर के पास मुख्य मार्ग पर अतुल ने उसे पकड़ लिया और कथित तौर पर फिर से मारपीट शुरू कर दी।

इसी दौरान छोटा भाई गुड्डू अपनी भाभी को बचाने के लिए बीच में आ गया और दोनों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने का प्रयास करने लगा। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर अतुल ने घर के पास रखी लोहे की आरी उठा ली और गुड्डू पर हमला कर दिया। आरी सिर में लगने से गुड्डू गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

घटना के बाद परिजन आनन-फानन में घायल गुड्डू को बिसौली अस्पताल लेकर पहुंचे। उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। ग्रामीणों के मुताबिक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

बताया गया है कि घटना के संबंध में परिजनों की ओर से पुलिस को अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# पुलिस लाइन में मेडिकल कैंप, पुलिस परिवारों को मिला निशुल्क उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वामा सारथी पुलिस वेलफेयर उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं वामा सारथी अध्यक्षा अंकिता शर्मा के निर्देशन में आयोजित शिविर में होम्योपैथी और एलोपैथी चिकित्सकों ने पुलिस परिवारों के बच्चों एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क परामर्श और दवाइयां वितरित कीं।

मेडिकल कैंप में जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. अजीत सिंह गंगवार, जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. शारिक हुसैन




हेल्थ जांच करते डॉक्टर। -जागरण मोर्चा

और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रियाज ने मरीजों की जांच कर संबंधित बीमारियों के उपचार के संबंध में परामर्श दिया। पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मासिस्ट संजीव कुमार एवं वार्ड बॉय केशव राम ने भी स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग किया।

शिविर में पुलिस परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के साथ आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा लाल पैथ की ओर से कम दरों पर विभिन्न रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह समेत पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मेडिकल कैंप को पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पहल बताया।

**दिक्कत** कच्चे और निचले रास्तों पर पानी भरने के साथ ही कीचड़ होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल

# जलभराव और बदहाल रास्तों से परेशान शिव कॉलोनी के लोग, पलायन को मजबूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर की शिव कॉलोनी के लोग पिछले कई वर्षों से जलभराव और जर्जर रास्तों की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातार हो रही बारिश ने हालात और बदतर कर दिए हैं। कच्चे और निचले रास्तों पर पानी भरने के साथ ही कीचड़ होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। समस्या का स्थायी समाधान न होने से क्षेत्रवासियों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है।

**बारिश में जलमग्न हो जाती है पूरी कॉलोनी :** समस्या के समाधान और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए रविवार को कॉलोनी के निवासियों ने बैठक आयोजित की। बैठक में नगर



जल भराव से होकर निकलते लोग। -जागरण मोर्चा

पालिका चेयरमैन, वार्ड सभासदों और मीडिया प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। हालांकि, चेयरमैन और संबंधित सभासद व्यस्तता का हवाला देते हुए बैठक में नहीं पहुंच सके। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। निवासियों ने बताया कि कॉलोनी के अधिकांश रास्ते कच्चे और निचले हैं। मामूली बारिश में भी यहां पानी भर जाता है और कई दिनों तक रास्तों पर कीचड़ जमा रहता है।

**मकान बेचकर दूसरे स्थानों पर जा रहे परिवार :** जलभराव और खराब रास्तों के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपात स्थिति में मरीजों को बाहर ले जाना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। हालात से परेशान होकर कुछ परिवार अपने मकान बेचकर कॉलोनी से पलायन कर चुके हैं, जबकि कई अन्य परिवार भी सस्ते दामों पर मकान बेचने को मजबूर हैं। लोगों ने पालिका प्रशासन से कॉलोनी के रास्तों को ऊंचा कराकर पक्का कराने और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

# चार दिन से लापता हैं दो नाबालिग छात्र, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के गांव करखेड़ी से दो नाबालिग छात्र चार दिन से लापता हैं। दोनों छात्र गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। दो सितंबर को स्कूल से छुट्टी होने के बाद दोनों घर पहुंचे और अपने बस्ते रखने के बाद अचानक गायब हो गए। देर शाम तक दोनों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने बिसौली थाने में प्रार्थना पत्र देकर दोनों छात्रों की तलाश कराने की मांग की है।

करखेड़ी निवासी साहब सिंह का 12 वर्षीय पुत्र धीरेन्द्र कक्षा सात और गोरेलाल का 14 वर्षीय पुत्र कुलदीप कक्षा आठ का छात्र है। दोनों आपस में दोस्त बताए जा



गायब कुलदीप। -जागरण मोर्चा



लापता धीरेन्द्र। -जागरण मोर्चा

रहे हैं। परिजनों के मुताबिक दोनों रोज की तरह दो सितंबर को स्कूल पढ़ने गए थे। छुट्टी के बाद घर पहुंचकर उन्होंने अपने बस्ते रखे और इसके बाद कहीं चले गए। देर शाम तक वापस नहीं आने पर परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां जानकारी की, लेकिन दोनों का पता नहीं चला।

ग्रामीणों के अनुसार दोनों छात्रों को ततारपुर गांव के पास स्थित देवस्थान के आसपास देखे जाने की बात सामने आई है। इसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं, यह भी आशंका जताई जा रही है कि दोनों दबतोरी रेलवे स्टेशन पहुंचे हों और ट्रेन में सवार होकर कहीं चले गए हों। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

चार दिन बीतने के बाद भी दोनों छात्रों का पता नहीं चलने से उनके परिवारों में चिंता का माहौल है। परिजनों का कहना है कि बच्चों के लापता होने के बाद से घर में किसी का भी मन नहीं लग रहा है। दोनों की मां साक्षी और मीना का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों के मुताबिक कई दिनों से घरों में चूल्हा तक नहीं जला है।

इस संबंध में बिसौली कोतवाल सर्वेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों छात्रों के परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी में दोनों छात्रों के आपस में दोस्त होने और अपनी मर्जी से कहीं जाने की बात सामने आई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। छात्रों की तलाश के लिए पुलिस टीम भी लगाई गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### कन्हैया जी के जन्मोत्सव पर निकली भव्य झांकी

**कादरचौक।** क्षेत्र के ग्राम कौआ नगला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रविवार शाम भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भव्य झांकी निकाली गई। शाम करीब 5 :30 बजे निकली झांकी में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया। झांकी के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। झांकी गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान के दर्शन किए और पुष्प अर्पित कर आराधना की। 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु झांकी देखने पहुंचे।

# शोभायात्रा पर कीचड़ फेंकने को लेकर हंगामा पुलिस की सूझबूझ से मामला हुआ शांत

## मूसाझाग थाना क्षेत्र के मचलई गांव का मामला, करीब पौन घंटे रुकी रही शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय





कीचड़ फेंकने के बाद मौजूद गांव के लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के मचलई गांव में कृष्ण जन्मोत्सव के उपरांत निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान झांकियों पर कीचड़ फेंके जाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के बाद शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने विरोध जताया और बीच रास्ते में करीब पौन घंटे तक जुलूस रुका रहा। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार, मचलई गांव में राधाकृष्ण मंदिर पर प्रतिवर्ष कृष्ण जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाता है। जन्माष्टमी के अगले दिन मंदिर से विभिन्न झांकियों के साथ पूरे गांव में विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है। रविवार को भी परंपरा के अनुसार श्रद्धालु झांकियों के साथ शोभायात्रा लेकर निकले थे।

बताया जा रहा है कि शोभायात्रा गांव के एक रास्ते से गुजर रही थी, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा झांकियों पर कीचड़ फेंके जाने का आरोप लगाया गया। घटना के बाद शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने इसका विरोध किया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और तनाव की स्थिति बनने लगी। विरोध के चलते शोभायात्रा करीब पौन घंटे तक बीच रास्ते में रुकी रही।

घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार तथा थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों की सूझबूझ और समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ, जिसके बाद शोभायात्रा को आगे रवाना किया गया।

पुलिस ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है तथा पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# सीकरी कांड का मुख्य मास्टरमाइंड मान सिंह गिरफ्तार!

जागरण मोर्चा कार्यालय




इसी थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

**दो दिन पहले संभाला था थाने का चार्ज, कार्रवाई से इलाके में मचा हड़कंप पुलिस की सख्ती से अपराधियों में खलबली, आधिकारिक बयान का इंतजार**

**बदायूं।** सीकरी कांड को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित मुख्य मास्टरमाइंड मान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मान सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि, गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

बताया जा रहा है कि थाना अध्यक्ष कपिल कुमार ने महज दो दिन पहले ही थाने का कार्यभार संभाला है। चार्ज संभालने के बाद पुलिस ने सीकरी कांड में तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी। इसी क्रम में मुख्य आरोपी बताए जा रहे मान सिंह की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और मामले से जुड़े अन्य लोगों में भी हड़कंप मच गया।

सीकरी कांड को लेकर पुलिस पहले से ही आरोपियों की तलाश और घटना की कड़ियों को जोड़ने में जुटी थी। नए थानाध्यक्ष के कार्यभार संभालने के बाद पुलिस ने मामले की जांच में तेजी दिखाई। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को मिली अहम जानकारी के आधार पर मान सिंह तक पहुंच बनाई गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अब गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ के आधार पर घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर सकती है। साथ ही कांड के पीछे की पूरी साजिश, घटना में शामिल लोगों और उनके आपसी संबंधों को लेकर भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मान सिंह की गिरफ्तारी किस स्थान से और किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस की ओर से गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि और आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे समेत अन्य जानकारी सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

नए थानाध्यक्ष के आते ही हुई इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की सक्रियता चर्चा में है। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि मामले में जल्द ही अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आएगी और पुलिस पूरे प्रकरण का खुलासा करेगी।

# दो वांछित और वारंटी आरोपी गिरफ्तार, फैजगंज बेहटा पुलिस ने वांछित आरोपी को दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपराध की रोकथाम और वांछित एवं वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जनपद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। फैजगंज बेहटा पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जबकि जरीफनगर पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया।

थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने मुकदमा संख्या 187/2026 में धारा 191(2), 190, 121(2), 132, 125, 109, 221, 324(5), 61(2) बीएनएस, सात सीएल एक्ट, लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धाराओं 2/3 तथा मुकदमा संख्या 188/2026 में धारा 329(3), 61(2) बीएनएस और लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3/5 में वांछित चल रहे आरोपी मानसिंह पुत्र ओमकार निवासी ग्राम सीकरी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी को पुल वाले बाबा मंदिर से पहाड़पुर जाने वाले कच्चे रास्ते से पकड़ा। इसके बाद उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं थाना जरीफनगर पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर भूशंकर पुत्र अजयपाल निवासी ग्राम नाधा को गिरफ्तार किया।

# बारिश में कच्चे मकान की दीवार गिरी, परिवार के तीन लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**महमूदपुर सोगना में हादसा, मलबे में दबकर घरेलू सामान भी हुआ खराब पीड़ित ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने का लगाया आरोप**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव महमूदपुर सोगना में लगातार हो रही बारिश के बीच रविवार को एक कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में मकान के अंदर मौजूद एक ही परिवार के तीन लोग मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। दीवार गिरने से घर में रखा राशन और रोजमर्रा का जरूरी सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है और वह तिरपाल तानकर रहने को मजबूर है।

पीड़ित नपाल (नयाल) ने बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के कारण कच्ची दीवार में सीलन आ गई थी। रविवार को बारिश के बीच अचानक दीवार भरभराकर गिर पड़ी। इसकी चपेट में आने से उनके भाई प्रेम, बेटी निक्की और पत्नी ममता घायल हो गए। अचानक हुए हादसे से परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को मलबे से बाहर निकाला।

दीवार गिरने से मकान के अंदर रखा राशन, कपड़े और अन्य घरेलू सामान भी मलबे में दबकर खराब हो गया। पीड़ित परिवार के अनुसार, मकान की स्थिति पहले से ही जर्जर थी और लगातार बारिश के चलते हादसे का खतरा बना हुआ था। घटना के बाद परिवार खुले में तिरपाल के सहारे रहने को मजबूर है।

पीड़ित नपाल का आरोप है कि उन्होंने पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई बार आवेदन किया था। ग्राम प्रधान से भी आवास दिलाने की गुहार लगाई गई, लेकिन उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। उनका कहना है कि यदि समय रहते पक्का मकान मिल गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।

पीड़ित परिवार ने तहसील प्रशासन को घटना की जानकारी देकर क्षतिग्रस्त मकान और घरेलू सामान के नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाकर सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# बिल्सी में हर गुरुवार बंद रहेंगी मोबाइल दुकानें, करीब 100 मोबाइल कारोबारियों ने बैठक में लिया सामूहिक निर्णय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नियम तोड़ने पर लगेगा 2100 रुपये जुर्माना**

**बिल्सी।** नगर के मोबाइल कारोबारियों ने व्यापार के साथ व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन को बेहतर संतुलित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक बंदी का निर्णय लिया है। अब बिल्सी नगर के सभी मोबाइल प्रतिष्ठान प्रत्येक सप्ताह गुरुवार को पूरी तरह बंद रहेंगे। इस निर्णय पर करीब 100 मोबाइल दुकानदारों ने सहमति जताते हुए यूनियन के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

मोबाइल यूनियन के पदाधिकारी नीरज जैन ने बताया कि साप्ताहिक बंदी का निर्णय व्यापारियों के मानसिक स्वास्थ्य, परिवार के लिए समय निकालने और पूरे बाजार में एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों की सहमति से यह व्यवस्था लागू की गई है, ताकि प्रत्येक व्यापारी को सप्ताह में एक दिन कारोबार से अलग रहकर परिवार और निजी जीवन के लिए समय मिल सके।

शनिवार देर रात तक व्यापारियों की बैठक चली। इसके बाद रविवार सुबह भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के करीब 100 मोबाइल कारोबारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में गुरुवार को साप्ताहिक बंदी रखने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। व्यापारियों ने ढोल-नगाड़ों और तालियों के साथ निर्णय का स्वागत किया।

यूनियन पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि साप्ताहिक बंदी के नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को दुकान खोलने पर संबंधित दुकानदार पर 2100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। कारोबारियों ने यूनियन के निर्णय को स्वीकार करते हुए नियमों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया। व्यापारियों का कहना है कि सामूहिक रूप से साप्ताहिक अवकाश रखने से बाजार में प्रतिस्पर्धा के बजाय आपसी सहयोग की भावना मजबूत होगी और दुकानदारों को परिवार के साथ समय बिताने का अवसर भी मिलेगा।

## संक्षेप समाचार

### अनुशासन पहली प्राथमिकता, अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा, नवागंतुक कोतवाल ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर पुलिसिंग की प्राथमिकताएं बताईं



अधीनस्थों के पेंच कसते इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नवागंतुक कोतवाली प्रभारी सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने रविवार को कोतवाली परिसर में अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर अपनी कार्यशैली और प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दीं। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग में अनुशासन उनकी पहली प्राथमिकता है। सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और अनुशासन के साथ निर्वहन करें। बैठक में कोतवाल ने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीट कांस्टेबल पुलिसिंग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। बीट व्यवस्था को मजबूत कर क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी समय से जुटाई जाए, ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने थाने में शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने पर विशेष जोर दिया। कहा कि पीड़ित की समस्या को प्राथमिकता से सुना जाए और मामले में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर पुलिस की कार्यप्रणाली में विश्वास कायम करने के निर्देश भी दिए। बैठक में क्राइम इंस्पेक्टर चमन गिरी, बुधबाजार चौकी प्रभारी अमित चौहान, हाईवे चौकी प्रभारी सुभाष सिंह, दबतोरी चौकी प्रभारी विक्रांत आर्य, महिला उपनिरीक्षक पूजा तोमर, उपनिरीक्षक जोगेंद्र पाल, मो. अब्बास, तिलक राम, विनय कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### बहजोई में भीषण सड़क हादसा, बदायूं की विवाहिता समेत एक ही परिवार के तीन की मौत



रोहिणी का फाइल फोटो।

**ओरछी।** जनपद संभल के बहजोई के पास रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बदायूं के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 20 वर्षीय विवाहिता और दो मासूम बच्चे शामिल हैं। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव परमानंदपुर में मातम पसर गया। मृतका के शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार गांव परमानंदपुर निवासी पुनीत पुत्र जयपाल अपनी पत्नी रोहिणी (20) के साथ दिल्ली में रहकर मेहनत-मजदूरी करते हैं। शनिवार को पुनीत दिल्ली से संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मऊ मच्खेरा स्थित अपनी बहन भावना के घर पहुंचे थे। यहां वह बहन के ससुर के दसवें संस्कार में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार को पुनीत, उनकी पत्नी रोहिणी, बहन भावना, छह वर्षीय भांजे ध्रुव और तीन माह की भांजी आराध्या टेंपो से चंदौसी की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि रास्ते में टेंपो के सामने एक दिव्यांग व्यक्ति की ट्राईसाइकिल आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक टेंपो पर नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से टेंपो की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में रोहिणी, छह वर्षीय ध्रुव और तीन माह की आराध्या की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुनीत और भावना गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक पुनीत और रोहिणी की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। हादसे में नवविवाहिता की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### जेल में कांग्रेसियों से बदसलूकी के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस ने जिला जेल जाने से रोका

**बदायूं।** जिला जेल में बंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कथित बदसलूकी और दलितों पर अत्याचार के विरोध में कांग्रेसियों ने रविवार को नेकपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला जेल जाकर जेल अधीक्षक से वार्ता करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मौके पर ही नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। बाद में नायब तहसीलदार सृजन यादव ने मौके पर पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि गिरफ्तारी, हाउस अरेस्ट और जेल भेजे जाने से कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। बदायूं में दलितों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन सितंबर को अटसेना गांव में पुलिस हिरासत में मृत राजेश कोरी की विधवा रूपवती कोरी न्याय की मांग को लेकर अंबेडकर प्रतिमा के सामने धरने पर बैठी थीं। उनका समर्थन करने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत तीन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। ज्ञापन में कहा गया कि अजीत यादव को बिनावर थाने में निरुद्ध करने के बाद नेकपुर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया, जबकि यूथ कांग्रेस दातागंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष नवनीत यादव और चालक सुभाष जाटव को जिला जेल भेजा गया। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि तीनों के साथ तीन सितंबर की रात जेल में बदसलूकी की गई। ज्ञापन में मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। अजीत यादव ने भाजपा सरकार पर दलितों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि राजेश कोरी की पुलिस हिरासत में हुई मौत की न्यायिक जांच, उनकी विधवा को सरकारी नौकरी, आवास और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने सीकरी गांव में अंबेडकर प्रतिमा को लेकर दर्ज मुकदमों को वापस लेने और प्रतिमा को सम्मानपूर्वक उसी स्थान पर स्थापित कराने की भी बात कही।

**धर्मकर्म** — बैंड-बाजों, काली अखाड़ा और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले में निकली भव्य शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय





शोभायात्रा का शुभारंभ करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष व इंस्पेक्टर। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर के बदायूं रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में लगने वाले ऐतिहासिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का 95वां वर्ष धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मेले के शुभारंभ अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुन, काली अखाड़ा और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक आकर्षक स्वचलित झांकियों के साथ मूक झांकियां भी शामिल थीं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों के दर्शन के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। पूरे नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते नजर आए।

शोभायात्रा का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय और बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। इसके बाद शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। शोभायात्रा में शामिल झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही।

मेले के अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता, मंत्री अभय वर्मा, महामंत्री अखिलेश मिश्रा, चंद्रपाल गुप्ता, चंद्रपाल शर्मा, गोपाल कृष्ण, सोनदीप मौर्य सहित मेला कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। मेला कमेटी ने श्रद्धालुओं से मेले में पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने की अपील की।

# माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान, भावुक हुआ समारोह

## श्रीकृष्ण को जगद्गुरु बताते हुए सीए राजेन विद्यार्थी ने गीता के श्लोकों से दिया सेवा, त्याग और मानवता का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के सदस्य। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब की ओर से रोटरी मीटिंग हॉल में 'प्रथम गुरु माता-पिता एवं शिक्षक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब सदस्यों के माता-पिता को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया गया। सम्मान पाकर कई अभिभावक भावुक हो उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोटेरियन सीए राजेन विद्यार्थी और विशिष्ट अतिथि रोटेरियन मोहन गुप्ता ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि माता-पिता ही जीवन के प्रथम गुरु हैं, जो बच्चों को संस्कार, अनुशासन, प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

रोटेरियन मुदित अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण कर उन्हें सही दिशा प्रदान करते हैं। क्लब संरक्षक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने भी माता-पिता एवं गुरुजनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि सीए राजेन विद्यार्थी ने श्रीकृष्ण को जगद्गुरु बताते हुए वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के विभिन्न श्लोकों के माध्यम से जीवन में कर्तव्य, सेवा, त्याग, नैतिकता और मानवता के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि सच्चे रोटेरियन के जीवन में सेवा भावना, अनुशासन और मानव कल्याण सर्वोपरि होना चाहिए। उनके ओजस्वी एवं आध्यात्मिक संबोधन ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। समारोह में अभिभावकों को सम्मानित करते हुए कहा गया कि "माता-पिता का सम्मान वास्तव में संपूर्ण मानवता का सम्मान है।" कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव मुदित अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, आलोक गर्ग, विनय शर्मा, डॉ. मनोज माहेश्वरी, डॉ. प्रवीण शर्मा तथा इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष भारती अग्रवाल, सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। अंत में रोटरी क्लब अध्यक्ष संजय गर्ग ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



## एक नजर



### प्राइवेट बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**शाहजहांपुर।** थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में हाईवे पर रविवार दोपहर सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की कार्रवाई शुरू की। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति रही। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ ही बस और चालक के बारे में पड़ताल शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# तिलहर पुलिस का मादक पदार्थ तस्करी में फसाने का खेला

## 2 लाख की वसूली के बाद छोड़ने का आरोप, एसपी ने लिया संज्ञान, चार सिपाही निलंबित मुकदमा दर्ज

● दो सिपाही पुलिस कस्टडी में

जागरण मोर्चा कार्यालय



अमित चित्तौडिया।



बीरेन्द्र।



जंकज।



तुषार।

**शाहजहांपुर।** जिले में खाकी को बदनाम करने और पुलिस को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। तिलहर थाने में तैनात चार पुलिस कर्मियों पर एक सर्राफा व्यापारी को मादक पदार्थ (स्मैक) के झूठे मामले में फंसाकर दो लाख रुपये रंगदारी वसूलने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सौरभ दीक्षित ने चारों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

तिलहर पुलिस ने दो सिपाहियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि फरार अन्य दो की तलाश जारी है। परशुरामपुरी थाना क्षेत्र के कानून गोयान मोहल्ला निवासी पीड़ित सर्राफा व्यापारी सुंदरम क्षत्रीय ने बताया कि 4 सितंबर की रात करीब 8 बजे उन्हें फोन कर जेवर गिरवी रखने के बहाने बुलाया गया। जब वह जलालाबाद के सरैया मोड़ के पास पहुंचे, तभी दो बाइक पर सादे कपड़ों में चार सिपाही अरुण चित्तौड़िया, पंकज, तुषार और वीरेंद्र पहुंचे। परिचित होने के कारण सुंदरम उनके साथ चले गए।

आरोप है कि सिपाहियों ने सुनसान जगह ले जाकर उनकी बाइक की डिग्गी में पॉलीथिन में रखी स्मैक डाल दी और उन्हें तस्कर बताकर तिलहर की बिरियागंज पुलिस चौकी ले गए। पीड़ित का आरोप है कि चौकी में उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देकर स्मैक के साथ वीडियो बनाने का प्रयास किया गया। रात करीब डेढ़ बजे 2 लाख रुपये लेने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया। व्यापारी के पिता ने पुलिस कर्मियों पर बेटे से मारपीट करने और प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल डालने की कोशिश करने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

रविवार सुबह पीड़ित ने परशुरामपुरी थाने में तहरीर दी। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर कराई गई प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद चारों सिपाहियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में ले लिया गया है। बाकी दो की तलाश में पुलिस टीम बना दी गई है।और आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है ।

# साइकिलिंग एसोसिएशन का गठन प्रतिभाओं को मिलेगा बेहतर मंच

जागरण मोर्चा कार्यालय



साइकलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** जिले में साइकिलिंग खेल को बढ़ावा देने और प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शाहजहांपुर साइकिलिंग एसोसिएशन का गठन किया गया है। एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है। संगठन के गठन के साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई हैं। डॉ. विकास पाण्डेय को अध्यक्ष, गजेंद्र गंगवार को उपाध्यक्ष, विपिन अग्निहोत्री को सचिव, विशाल भंडारी को संयुक्त सचिव, सीए नीरज रस्तोगी को कोषाध्यक्ष और मोहित मेहरोत्रा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रवि वर्मा, अरुण कुमार, अरुण पाण्डेय, शिवओम तिवारी, वसीम और पंकज रस्तोगी को सदस्य बनाया गया है। डॉ. विकास खुराना को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बताया कि एसोसिएशन का उद्देश्य जिले में साइकिलिंग गतिविधियों को व्यवस्थित और व्यापक रूप देना है। इसके तहत समय-समय पर साइकिलिंग प्रतियोगिताएं, प्रशिक्षण शिविर, साइकिल रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को तलाशकर उन्हें प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर रहेगा। पीईएस अधिकारी विशाल पाण्डेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साइकिलिंग युवाओं को खेल से जोड़ने के साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित करती है। जिले में साइकिलिंग एसोसिएशन का गठन खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के प्रयासों से शाहजहांपुर के खिलाड़ी मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

# शैक्षिक सेवा के लिए आसिफ अली को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय





लाइव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्डप्रदान करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

**शाहजहांपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से निरंतर योगदान और समर्पण के लिए ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल के फाउंडिंग डायरेक्टर एवं संस्थापक आसिफ अली खान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को होटल ग्रैंड आर्क में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, शाहजहांपुर की ओर से उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। विशिष्ट अतिथियों में बरेली-मीरगंज विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कटेरिया और शाहजहांपुर-पीलीभीत के एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता मौजूद रहे। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय और डॉ. रचित अग्रवाल की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल के सह-निदेशक खावर खान, प्रधानाचार्या शशि गुप्ता और कोऑर्डिनेटर फैजाल अहमद खान को भी कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सम्मानित किया। विद्यालय परिवार के प्रमुख सदस्यों को मिले सम्मान से शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों में उत्साह रहा। आसिफ अली खान ने अपने लंबे शैक्षिक सफर के दौरान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया। उनके नेतृत्व में ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय की स्थापना और विकास के सफर में उनके छोटे भाई तारिक कमाल खान का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। दोनों भाइयों ने मिलकर अपने पिता के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया। विद्यालय की प्रगति में उनका आपसी सहयोग और विश्वास महत्वपूर्ण रहा है। सम्मान मिलने के बाद आसिफ अली खान ने इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहयोगियों को देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास आगे भी पूरी निष्ठा से जारी रहेगा। प्रधानाचार्या शशि गुप्ता ने कहा कि आसिफ अली खान को मिला सम्मान पूरे ग्रीन वैली परिवार के लिए गौरव का विषय है। उनका समर्पण और नेतृत्व शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। यह उपलब्धि विद्यालय परिवार को भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने खुशी जताते हुए आसिफ अली खान को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने इसे शाहजहांपुर के शिक्षा जगत के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# शाहजहांपुर के तिलहर में लेन-देन के विवाद में मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**तिलहर शाहजहांपुर :** क्षेत्र के मौजमपुर निवासी चाँद बैग ने अपने मामा पक्ष के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित चाँद बैग पुत्र इक्तेदार बैग के अनुसार, उनका अपने मामा से पुराना लेन-देन का विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि शनिवार शाम विपक्षी फिरोज उर्फ लल्ले नाज़िम, आमिर, राजा और अरमान निवासी इमली, थाना तिलहर उनके पास पहुंचे।

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उनके साथ-साथ उनकी मां और बहन दुल्हना के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि हमलावर अपने साथ अवैध तमंचा और चाकू भी लिए हुए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से सुरक्षा व कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## संक्षेप समाचार

### परिजनों की डांट से क्षुब्ध युवती फांसी पर झूली



मृतका के शव को लेने हत्सा गांव पहुंची पुलिस। -जागरण मोर्चा

**खुदागंज।** घर में किसी बात को लेकर परिजनों द्वारा डांट देने के बाद नाराज युवती फांसी पर झूल गई सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव हत्सा निवासी नैना देवी 19 पुत्री राजीव कुमार शर्मा का सब फांसी पर झूलता मिला बताया जाता है की घर में खाना बनाए जाने के दौरान चावल नहीं बनाया गया था जिसको लेकर परिजनों ने उसे डांट दिया था जिससे आहत होकर बह फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली मृतका के मामा पहाड़ी पुर विविया निवासी रामकिशोर पांडे द्वारा सूचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकरपीएम हैतु भेजा है

### शादी का झांसा देकर विवाहित महिला से दुष्कर्म, रोजा पुलिस ने मुकरमपुर बाजार के पास से दबोचा



आरोपी पुलिस गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस ने विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, तीन सितंबर को एक महिला ने थाना रोजा में तहरीर देकर बताया था कि गांव बरनई निवासी खुश मोहम्मद उसकी विवाहित पुत्री को शादी करने का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उसी दिन महिला को बरामद कर लिया था। इसके बाद पीड़िता के बयान और चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 69 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम मुकरमपुर बाजार के पास से खुश मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# भूटान में गूंजेगी शाहजहांपुर के कवि इन्दु अजनबी की आवाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



कवि डॉक्टर इंदु अजनबी।

**शाहजहांपुर।** साहित्य की कोई सीमा नहीं होती। शब्दों में भावनाओं की गहराई और मिट्टी की खुशबू हो तो उनकी गूंज सरहदों के पार तक पहुंचती है। शाहजहांपुर के चर्चित कवि एवं मंच संचालक डॉ. इन्दु अजनबी अब भूटान में अपनी साहित्यिक प्रतिभा का परिचय देंगे। उन्हें भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित होने वाले भारत-नेपाल-भूटान अंतरराष्ट्रीय साहित्य मैत्री सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। 16 से 21 सितंबर तक होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत, नेपाल और भूटान के साहित्यकार एक मंच पर जुटेंगे। सम्मेलन में डॉ. इन्दु अजनबी काव्यपाठ करने के साथ ही दो महत्वपूर्ण सत्रों का संचालन भी करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरेन्द्र हर्ष ने उन्हें सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। शाहजहांपुर से अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच तक पहुंची डॉ. अजनबी की यह यात्रा जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए गौरव का विषय है। इससे पहले वह नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उनकी कई पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर क्रांतिकारियों को समर्पित उनकी पुस्तक 'शत-शत नमन काकोरी' का विमोचन अभिनेत्री जया बच्चन ने किया था। वहीं कोरोना काल में अस्पताल में रहते हुए लिखी गई पुस्तक 'जिंदगी की ओर' का विमोचन प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया था। काव्यपाठ के साथ डॉ. अजनबी ने मंच संचालन के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अनेक प्रतिष्ठित कार्यक्रमों का संचालन कर चुके डॉ. अजनबी को मंच संचालन के क्षेत्र में लोकप्रिय नाम माना जाता है। देश के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर उनके काव्यपाठ को भी सराहना मिल चुकी है। डॉ. अजनबी का शाहजहांपुर से जुड़ाव भी विशेष है।

# शिक्षकों के सम्मान में सजा समारोह 136 शिक्षकों को मिला सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में शामिल शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती वर्षा गोस्वामी और नगर पालिका परिषद पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में डॉ. आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ट्यूलिप चिल्ड्रन्स एकेडमी, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पुवायां और डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं पटल सहायक शामिल हुए। ज्योतिषाचार्य पंडित पवन सारस्वत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद क्विज, भाषण प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर समेत विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम हुए। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए करीब 136 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षक और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। समापन पर उपस्थित स्टाफ को जलपान कराया गया। इस दौरान डॉ. राजीव कुमार, अरविंद कुमार, दिव्यांक अवस्थी, नीरज गंगवार, कृतिका सिंह, नरेंद्र कुमार, रीतू मिश्रा, अनन्या ओमर, रवि बाबू, वंशिता और डॉ. राजीव शुक्ला समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## समारोह

विजन इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को मनाया गया शिक्षक दिवस

# शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : चंद्रशेखर खन्ना

जागरण मोर्चा कार्यालय





शिक्षकों को सम्मानित करते चंद्रशेखर खन्ना। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** प्रताप इनक्लेव स्थित विजन इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को VIP ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की ओर से शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान के साथ गीत, भजन, कविता, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वीआईपी ग्रुप के मुख्य संरक्षक चंद्रशेखर खन्ना धीरू ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। शिक्षक विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ उनमें आत्मविश्वास, हौसला और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करते हैं। वह जीवन की चुनौतियों का सामना करने और लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की दिशा भी प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं शासकीय अधिवक्ता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि AI के दौर में शिक्षकों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। तकनीक सूचनाएं उपलब्ध करा सकती है, लेकिन ज्ञान को समझने, सही और गलत में अंतर करने, संस्कार देने तथा व्यक्तित्व निर्माण का कार्य शिक्षक ही प्रभावी ढंग से कर सकते हैं। VIP ग्रुप की अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी ने कहा कि व्यक्ति को आलोचना से घबराने के बजाय उसे अपना गुरु मानना चाहिए। सकारात्मक आलोचना व्यक्ति को अपनी कमियां पहचानने और उनमें सुधार करने का अवसर देती है। भारतीय कृषक दल के नेता राजीव सक्सेना ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। शिक्षा के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा कि VIP ग्रुप सेवा, समर्पण और समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान ज्ञान और संस्कार की उस परंपरा का सम्मान है, जो समाज को दिशा देती है। समारोह में शिक्षा, योग, संगीत, कला और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ. अर्चना, योगाचार्य मयंक त्रिपाठी, गिटार शिक्षक अभिषेक श्रीमाली, संगीत शिक्षिका वंदना वर्मा, संगीत शिक्षिका अर्चना वर्मा, शिक्षक एवं समाजसेवी देवेश त्रिपाठी तथा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित समीक्षा सिंह को सम्मानित किया गया। जूम डांस एकेडमी के ऑनर को भी नृत्य एवं कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। VIP ग्रुप के प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्रा ने शिक्षकों के सम्मान में भजन प्रस्तुत किया। वहीं जिला कोषाध्यक्ष रंजना तिवारी ने 'डरना नहीं किसी के पैरों की नाप से' कविता प्रस्तुत कर आत्मविश्वास और संघर्ष का संदेश दिया। दोनों प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन पर ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, महासचिव सतीश सक्सेना और सचिव नवीन कपूर ने अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों का आभार जताया।

# इमाम और वॉलिंटियर्स को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



इमाम और वॉलिंटियर्स को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित। -जागरण मोर्चा

**तिलहर।** ईद मिलादुन्नबी बारावफात के अवसर पर दरगाह हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां से निकाले गए जुलूस-ए-मोहम्मदी को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर की विभिन्न मस्जिदों के इमामों एवं वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन सज्जादा नशीन दरगाह शाह शमसुद्दीन मियां, इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास पर किया गया। इस अवसर पर शहर काजी मोहम्मद अकरम एवं शहर इमाम मोहम्मद सुआलेह उर्फ शद् द न मियां ने जुलूस को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करने वाले इमामों और वॉलिंटियर्स की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम ने कहा कि नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी को अमन, भाईचारे और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराने में सभी मस्जिदों के इमामों, वॉलिंटियर्स तथा सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के सामूहिक प्रयास से जुलूस शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है इस मौके पर कारी अब्दुल नवी, हाफ़िज़ अदीब, हाफ़िज़ फ़हीम, कारी गुलाम अहमद रजा, मतलूब अली, नत्थू खान, अंजुम खान, वकार हुसैन, शारिक अली, आदि मौजूद रहे

# ट्राईसाईकिल को बचाने के प्रयास में डंपर से टकराया टेंपो, दो बच्चों सहित 6 की दर्दनाक मौत

## बहजोई थाना क्षेत्र के मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर रविवार सुबह 8 बजे हुआ सड़क हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बहजोई थाना क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाईवे पर रविवार की सुबह 8 बजे हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। गांव बमनेटा के पास सवारियों से भरे एक टेंपो की दिव्यांग की ट्राईसाईकिल को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे डंपर से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और डंपर भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में दो मासूम बच्चों और टेंपो चालक समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का घटनाक्रम



टक्कर के बाद खंदी में पलटा डंपर। -जागरण मोर्चा

सुबह करीब आठ बजे टेंपो चालक सौदान कुल 11 यात्रियों को लेकर बहजोई से चंदौसी की ओर जा रहा था। बहजोई से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर गांव बमनेटा के पास सामने एक दिव्यांग की ट्राईसाइकिल आ गई। उसे बचाने के फेर में टेंपो चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से टकरा गया। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और टेंपो में फंसे घायलों को बाहर निकाला।

पुलिस ने बताया कि सौदान (टेंपो चालक) – निवासी



सड़क हादसे में घायल हुए परिजनों से जानकारी करते डीएम व एसपी।

सादातबाड़ी, बहजोई, रूवैद 25 वर्ष निवासी मोहल्ला कुरैशियान, बहजोई, रोहिणी 26 वर्ष निवासी परमानंदपुर, फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं, ध्रुव 7 वर्ष एवं आराध्या 3 माह निवासी मऊ कठैर (दोनों सगे भाई-बहन), रामपाल निवासी जरबार, धनारी की हादसे में मौत हो गई जबकि घायलों में मासूम बच्चों की मां भावना मऊ कठैर, पुनीत परमानंदपुर, बिट्टू सेमरी, प्रशांत मऊ कठैर और ब्रजकिशोर नेहटा शामिल हैं। सभी घायलों का उपचार बहजोई के सीएचसी में चल रहा है। सूचना मिलते ही बहजोई थाना पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया और अधिकारियों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। घटना की सूचना मिलने पर मृतकों व घायलों के परिजन भी भेजी हुई सीएससी पहुंच गए अपनों को खोने के बाद परिजन विलाप कर रहे थे।

# किसानों की समस्याओं का निदान कराएगा संगठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) की बैठक राष्ट्रीय महासचिव के नरौली आवास पर सम्मान पूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की कार्यकारिणी के गठन, संगठन के विस्तार, किसानों की ज्वलंत समस्याओं तथा आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन (भानू )के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर आश्वस्त किया है कि उनकी सभी जायज मांगों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सचिव अश्वनी ठाकुर ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनका हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सिंचाई, बिजली, खाद-



चंदौसी के नरौली में भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

बीज की उपलब्धता और फसलों के उचित मूल्य जैसी समस्याओं को लेकर वह संबंधित अधिकारियों से वार्ता करेंगे और किसानों को अपनी समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

युवा जिला मंत्री यश ठाकुर ने उन्होंने स्पष्ट किया है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। बैठक में उपस्थित स्थानीय किसान नेताओं ने अपनी-अपनी समस्याएं राष्ट्रीय महासचिव के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया। किसी भी किसान को परेशान नहीं होने दिया जाएगा और जल्द ही धरातल पर सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बारिश के बावजूद भी बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और किसानों के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुज सिंह, युवा जिला सचिव हर्ष पांचाल, जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ दानिश रफ़ी, युवा जिला महासचिव जयेश पांचाल, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा राम खिलाड़ी, जिला मंत्री सचिन प्रताप राघव, जिला महामंत्री सचिन प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ शिवा चौहान एडवोकेट, तहसील महामंत्री चंदौसी हर्ष ठाकुर, युवा जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन गुप्ता, शरद शर्मा एडवोकेट, ब्रजेश शर्मा, कौशलेन्द्र सिंह, आकाश, सजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, सुनील कुमार, अजय राठौर, जगमोहन सिंह, लाल सिंह, श्लोक शर्मा, शिवा गुप्ता अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित



चंदौसी मे शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में शामिल जायंट्स क्लब के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर संकल्प जीवन धारा ग्रुप ने संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गयापर किया

रविवार को नूतन अग्रवाल के आवाज पर धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ग्रुप अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, संकल्प ग्रुप अध्यक्ष नूतन अग्रवाल, जीवन धारा ग्रुप अध्यक्ष, सुजाता शर्मा सचिव, शीनू शर्मा सचिव, सुप्रीति गुप्ता और एसआरजी शालिनी सक्सेना रीनू बंसल सुनीता शर्मा नीरू सिंह सोनिका गर्ग मधु गुप्ता शिवानी शर्मा सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर ग्रुप के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे सुमन सैनी, सीमा अग्रवाल, शोभा शर्मा, गीतांजलि, रंचना शर्मा, रागिनी सैनी आदि और डायरेक्टर शिखा शर्मा भी मौजूद रही।

## संक्षेप समाचार

### ताईकमांडो खिलाड़ियों ने फाइटर कैंप में लिया हिस्सा



चंदौसी मे ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** संस्कार वैली फेस – 2 स्थित चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में एडवांस फाइट कैंप के साथ साथ पुम्से कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में चैरी, आदित्य यादव, प्रिंस, तन्मय त्यागी, शिवांश मिश्रा, आराध्या, त्रिशान, आरुष, अभिनव गोयल, प्रणय, रोली गोयल, अभिनव गोयल, नियति, लिली, पायल, समृद्धि, कनक, मिस्टी, आरव, आराध्या विश्वकर्मा, आराध्या पाठक, आभा, सीनियर खिलाड़ी पूर्वी, मनन, श्याम, रिद्धिमा का सहयोग रहा सम्भल ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि 3 घंटे चले इस कैंप का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को अपनी कमियों को पहचानकर उसमें सुधार करने और अपनी फाइटिंग क्षमता की उच्चतम स्तर तक ले जाना है ताकि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। सभी खिलाड़ियों को कैंप में फाइट प्रैक्टिस, ड्रिल ट्रेनिंग, स्टांस, फंडामेंटल, ब्लॉक्स, अटैक आदि की जानकारी दी गई।

### मणिमहेश कैलाश यात्रा के लिए 16 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



चंदौसी से मणिमहेश कैलाश यात्रा पर जाने से पहले जयकारा लगाते शिवभक्त।

**चन्दौसी।** मणिमहेश कैलाश की यात्रा के लिए नगर से 16 श्रद्धालुओं का जत्था रविवार देर रात चार गाड़ियों से रवाना हुआ। यात्रा पर निकलने से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और सकुशल यात्रा की कामना की। रवाना होने के दौरान सीता रोड स्थित श्री मूंछों वाले महादेव मंदिर पर जत्थे का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर मणिमहेश कैलाश की सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान मंदिर परिसर हर–हर महादेव और जय श्री कैलाशपति महादेव के जयकारों से गूंज उठा। मणिमहेश कैलाश यात्रा के लिए रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में अर्पित वार्ष्णेय, अनुपम, रुद्राक्ष, बृजेश, लोकेश, सोनी, ज्योति, विष्णु बाबू, शोभना, राजीव, रुचि, विनायक, राहुल, निक्की, पुलकित एवं गौरव वार्ष्णेय शामिल हैं। सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ से यात्रा के दौरान सभी यात्रियों की सुरक्षा, सुख–समृद्धि एवं सकुशल वापसी की प्रार्थना की।

### लगातार बारिश से सड़कों पर हुआ जल भराव, आवागमन में लोगों को हुई परेशानी



चंदौसी के सीकरी गेट पर जलभराव में बंद बाइक को खींचते लोग।

**चंदौसी।** लगातार हो रही बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा वही बारिश होने से मौसम सुहावना बना हुआ है। रविवार की सुबह से बारिश लगातार जारी बनी हुई है जिससे शहर की सड़के जलमग्न हो गई सबसे ज्यादा जलभराव स्टेशन रोड रामस्वरूप रोड, फवारा चौक, संभल गेट, सीता रोड, सुभाष रोड, शक्तिनगर, मुंसिफ रोड, आवास विकास कॉलोनी, गौशाला रोड, पंचशील कॉलोनी, विकासनगर, घटेश्वर गेट आदि क्षेत्रों में बना रहा जिससे राहगीरों व पैदल चलने वाले लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ा जलभराव से आने वाली दुर्गंध से भी लोगों को परेशानी हुई लगातार बारिश होने से मौसम सुहावना बना हुआ है बारिश ने लोगों को गर्मी से काफी निजात दिलाई है।

### गणेश मंदिर में हुआ बाबा गणपति का महाभिषेक

**चन्दौसी।** मिनी वृंदावन नगरी में महाप्रभु श्री गणेश जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ महोत्सव को लेकर धार्मिक आयोजनों का क्रम शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को श्री गणेश मंदिर में बाबा गणपति का महाभिषेक आयोजित किया गया। मंदिर महंत सुधांशु उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर सेवादार राहुल चौधरी एवं मनोज गुप्ता सहित उपस्थित श्रद्धालुओं से विधि–विधानपूर्वक बाबा गणपति का महाभिषेक कराया। इस दौरान पंच पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ गणेश स्तुति की गई, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। मंदिर सेवादार राहुल चौधरी ने बताया कि महाभिषेक में दूध, दही, घी, बूरा एवं शहद से निर्मित पंचामृत के साथ–साथ कैलाश मानसरोवर, गंगोत्री, यमुनोत्री आदि सहित 31 गंगा कुंडों के पवित्र जल का प्रयोग किया गया।

# गाय को पीट-पीटकर मार डालने पर भड़के गो रक्षा दल के कार्यकर्ता, कोतवाली में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र में खेत में घुसने पर गाय को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई घटना के विरोध में गो रक्षा दल ने कोतवाली में प्रदर्शन किया। रविवार को खेत में घुसने पर गाय को लाठी डंडों से पीटने और उपचार के दौरान मौत होने पर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गो रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

गो रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा, तब तक गाय का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। प्रभारी निरीक्षक द्वारा सख्त कार्रवाई का आश्वासन देने और आरोपी के



चंदौसी कोतवाली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करते गो रक्षा दल के पदाधिकारी।

परिवार के एक सदस्य को हिरासत में लेने के बाद कार्यकर्ता शांत हुए।

आरोप है कि लोधियान मुहल्ले के मुकेश मौर्य ने दो सितंबर को अपने खेत में एक छुट्टा गाय को पेड़ से बांधकर बुरी तरह पीटा। बचने के चक्कर में गाय नाले में गिर गई और उसे गंभीर चोट आईं। तो नाराजगी जताते हुए आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही घायल गाय को उपचार के लिए सेल्टर होम भिजवाया। जहां उपचार के दौरान रविवार की सुबह गाय की मौत हो गई। जब गो रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली, तो वह आक्रोशित हो गए और कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया। पुलिस पर आरोप लगाया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

# लगातार बारिश से धान की फसल को नुकसान की आशंका सतर्कता बनाए रखें खेतों से तत्काल जल निकासी करें किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश को देखते हुए अगेती धान की फसल में नुकसान की संभावना बनी हुई है। बारिश के साथ तेज हवा चलने पर निकलती हुई बालियों तथा दाना भरने की अवस्था वाली धान की फसल के पौधे गिर सकते हैं। इससे पौध सड़न, दाने काले पड़ने तथा विभिन्न फफूंदजनित रोगों के प्रकोप की संभावना बढ़ जाती है। उपकृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसान सबसे पहले खेतों में जलभराव न होने दें तथा खेत से अतिरिक्त पानी की तत्काल निकासी सुनिश्चित करें। यदि धान के पौधे गिर गए हैं तो उन्हें बाली के नीचे से बांध दें। गिरे हुए पौधों में सड़न की समस्या दिखाई देने पर कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के मौसम में धान की निकलती हुई बालियों में परागण प्रभावित हो सकता है तथा दाने काले पड़ने के साथ अन्य फफूंदजनित रोग भी लग सकते हैं। अधिक नमी तथा लगभग 25 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान की स्थिति में धान में हल्दिया कंडवा रोग के प्रकोप की संभावना बढ़ जाती है। खेत में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग करने पर इस रोग का प्रकोप तेजी से बढ़ सकता है। रोग के फफूंद बीजाणु हवा के माध्यम से स्वस्थ पौधों तक भी पहुंच सकते हैं। हल्दिया कंडवा रोग के प्रकोप में दानों का आकार असामान्य रूप से बढ़ने लगता है तथा उनका रंग बदलकर बाद में काला पड़ सकता है। प्रभावित दाने खोखले हो जाते हैं और उनका वजन भी कम हो जाता है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस रोग से बचाव के लिए धान की बुवाई से पूर्व कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज उपचार करना चाहिए। किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। यदि खेत के किसी हिस्से में संक्रमित बालियां दिखाई दें तो उन्हें तत्काल खेत से निकालकर जमीन में गाड़ दें अथवा सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दें। रोग नियंत्रण के लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी, अथवा टेबुकोनाजोल 25.9 प्रतिशत ईसी 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी, अथवा हेक्साकोनाजोल 5 प्रतिशत एससी1 से 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से बालियां निकलने से पूर्व छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

**आयोजन** सहित्यभूषण बाबू राममोहन बीकॉम की 44 वी पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी की गई

# समारोह पूर्वक मनाई स्नातक बाबू राममोहन बीकॉम की पुण्यतिथि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर के प्रथम स्नातक बाबू राममोहन बीकॉम को उनकी 44वीं पुण्यतिथि पर याद किया। रविवार को श्री राममोहन सेवा आश्रम के तत्वाधान में सीता रोड स्थित राधाकुंज भवन में नगर के प्रथम स्नातक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, इतिहासकार, साहित्यकार, पत्रकार एवं आर्य समाज के अनुयायी सहित्यभूषण बाबू राममोहन बीकॉम की 44 वी पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियो द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया।मुख्य अतिथि समाजसेवी कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा बाबू राममोहन खादी प्रेमी थे उन्होंने हमेशा खादी कपड़ों के साथ जूते एवं बेल्ट भी




चंदौसी मे बाबू राममोहन की पुण्यतिथि मनातें पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

कपड़े की ही पहनी उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन 1930 में भाग लिया। जिस दौरान उन्हें एक वर्ष का कठोर कारावास हुआ और मुरादाबाद कारागार में रखा गया। मुख्य वक्ता योगगुरु योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा बाबू राममोहन विभिन्न उपलब्धियां के साथ राष्ट्र एवम समाज को समर्पित रहे। उनकी शिक्षा एवं सेवा कार्य के लिए हम आज भी उन्हें याद कर रहे हैं ।ऐसे महापुरुषों के आदर्शों पर युवाओं को चलने की आवश्यकता है। श्री राममोहन सेवा आश्रम के अध्यक्ष डॉ तुमुल विजय शास्त्री ने अपने पिता बाबू राममोहन बीकॉम के विषय मे बताया बाबूजी का जन्म 26 जून 1915 को चंदौसी के महाजन मोहल्ला स्थित नीम के तले लक्ष्मण दास के घर में हुआ। वह राष्ट्र एवं शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूक एवं एवं लगनशील रहे। जब चंदौसी में स्नातक तक पढ़ाई की सुविधा नहीं थी, तब उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय से 1941 में बीकॉम की परीक्षा पास की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ टीएस पाल, डॉ जयशंकर दुवे, विश्व विजय एड,महेश चंद्र, नरेश भारती,राधा अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, कृष्ण गोपाल गुप्ता आदि ने अपने विचार रखे।

## शिक्षक दिवस पर समिति ने शिक्षिका को किया सम्मानित

**चंदौसी।** नारायण सेवा समिति द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एनकेबीएमजी कॉलेज में प्रोफेसर एव प्रभारी संस्कृत विभाग डॉ. संगीता गोयल को उनके आवास पर जाकर शैक्षिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के शुभारंभ में समिति के संरक्षक केजी गुप्ता ने कहा कि बहनजी का संपूर्ण जीवनकाल विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा और दिशा निर्देशन देने में व्यतीत हो रहा है, हम सब उनके उच्च जीवन स्तर और दीर्घायु होने की कामना करते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य एवं समिति के संरक्षक दृगपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो मनुष्य जीवन को श्रेष्ठतम श्रेणी प्रदान करता है । डॉ. संगीता गोयल ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने दायित्व को बखूबी निभाया है। प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक रूप से कई शिक्षकों को सम्मानित करने अलावा समिति के संरक्षक श्रीकृष्ण गोपाल मंगलम् के निर्देश पर डॉ संगीता को घर पर ही सम्मानित किया जाता है ।

# सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर सफाई कर्मचारी निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम अंकित खण्डेलवाल के समक्ष जनसुनवाई में ग्राम कोकावास, मजरा नवादा एवं गदीशपुरी में सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। डीएम ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रीश कुमार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई करते हुए विकास खंड बनियाखेड़ा से संबद्ध सफाई कर्मचारी अमृतलाल पुत्र किशनलाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संबंधित सफाई कर्मचारी द्वारा अपनी तैनाती वाले ग्राम कोकावास, मजरा नवादा एवं गदीशपुरी में नियमित रूप से उपस्थित होकर सफाई कार्य नहीं किया जा रहा था। इसके कारण गांव में गंदगी की स्थिति उत्पन्न होने तथा बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई थी। प्रकरण में संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को संतोषजनक न पाए जाने पर उसके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई। आदेश में संबंधित कर्मचारी पर शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के साथ-साथ अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने का आरोप भी अंकित किया गया है। निलंबन अवधि में कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता एवं अनुमन्य प्रतिकर भत्ते देय होंगे। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारी को ग्राम पंचायत कोकावास, विकास खंड बनियाखेड़ा से संबद्ध किया गया है।प्रकरण की जांच के लिए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) जुनावई को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी को नियमानुसार संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध आरोप-पत्र आदि की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सम्पादकीय

# बीसीआई ने छात्रों के भविष्य पर लगाया अपना फरमान



इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि अदालत में कानून के आधार पर पैरोकारी करने से जुड़ा कोई संगठन ही या तो अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश करे और अपनी सीमा का अतिक्रमण करे। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में स्पष्ट व्यवस्था दी है कि अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करके कोई भी संस्था ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती, जिससे किसी का भविष्य बाधित हो। गौरतलब है कि हैदराबाद स्थित नालसार विधि विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआइ के अध्यक्ष ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी कर दिया था कि वहां पढ़ने वाले पूरे बैच के विद्यार्थियों का वकील के रूप में नामांकन किसी भी राज्य के बार काउंसिल में न किया जाए। उसके बाद इस मसले पर काफी विवाद उठा था कि क्या सिर्फ इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य या करिअर को बाधित किया जा सकता है कि उन्होंने किसी कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश के आने पर आपत्ति जताई थी। हालांकि इस विवाद के तूल पकड़ने के बाद बीसीआइ के अध्यक्ष ने वह आदेश वापस ले लिया था, लेकिन यह सवाल अपनी जगह कायम रहा कि क्या उसके पास विद्यार्थियों के खिलाफ ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार है। इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि बीसीआइ के पास विधि के छात्रों के आचरण को नियंत्रित करने की वैधानिक शक्ति नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के संबंध में किसी भी तरह की कार्रवाई करना उस संस्थान का विषय है। संस्थान अपने नियमों और विनियमों के मुताबिक इस पर फैसला ले सकता है। मगर हैरानी की बात यह है कि एक ऐसे मामले में बीसीआइ ने अतिरिक्त सजगता दिखाते हुए नालसार विधि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के खिलाफ फरमान जारी कर दिया था, जिससे उसका कोई सीधा वास्ता नहीं था। सवाल है कि वहां के कुछ विद्यार्थियों ने अगर किसी मसले पर अपनी असहमति जाहिर की थी, तो क्या यह उनकी अभिव्यक्ति की आजादी और अधिकार के तहत नहीं आता है। सिर्फ इसके लिए समूचे बैच के खिलाफ आदेश जारी कर देने की हड़बड़ी के पीछे आखिर कौन-सी मानसिकता काम कर रही थी? क्या बीसीआइ को इस बात का अंदाजा नहीं था कि अगर यह मामला अदालत में जाएगा, तो तर्कों और कानूनों की कसौटी पर उसे कैसे देखा जाएगा? यह विचित्र है कि बीसीआइ खुद कानून के पेशे को विनियमित करने वाली एक संवैधानिक संस्था है और इसके बावजूद उसे नियम-कायदों का पालन या अन्य तकाजों का ध्यान रखना जरूरी नहीं लगा। यों भी, बीसीआइ सिर्फ उन्हीं को विनियमित कर सकती है, जो वकील के रूप में नामांकित हो चुके हों। कानून के छात्रों की किसी गतिविधि पर कोई आदेश जारी करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। मगर यह समझना मुश्किल है कि कानून के पेशे के दायरे में काम करने वाली किसी संस्था ने किस प्रावधान के तहत विद्यार्थियों के खिलाफ वह आदेश जारी कर दिया। यह बेवजह नहीं है कि बीसीआइ के उस फैसले के जारी होने की प्रक्रिया पर सवाल उठे और उसके मनमाने रवैये पर जवाबदेही तय करने की मांग की गई। दरअसल, यह एक तरह से बीसीआइ की ओर से अपने अधिकारों की सीमा का अतिक्रमण था और इसे विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को दबाने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा सकता है। इसलिए शीर्ष अदालत ने उचित ही बीसीआइ को उसकी सीमा की याद दिलाई है।

## आज का इतिहास

1803 - ब्रिटिश वैज्ञानिक जॉन डाल्टन ने विभिन्न तत्वों के परमाणुओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतीकों का उपयोग शुरू किया था.

1847 - हेनरी डेविड थोरौ वाल्डन को छोड़कर मैसाचुसेट्स के कॉनकॉर्ड में राल्फ वाल्डो एमर्सन और उनके परिवार के साथ चले गए थे.

1863 - अमेरिकी गृह युद्धः संघीय बलों ने दक्षिण कैरोलिना में बैटरी वाग्नेर और मॉरिस द्वीप को खाली कर दिया था.

1870 - लारामी के लुइसा एन्न स्वैन, वायोमिंग 1807 के बाद कानूनी रूप से मतदान करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली महिला बन गयी थी.

1930 - डेमोक्रेटिक रूप से चुने गए अर्जेंटीना के राष्ट्रपति हिप्पोलिटो य्रिगॉयन को सैन्य विद्रोह में हटा दिया गया था.

1939 - द्वितीय विश्व युद्धः दक्षिण अफ्रीका ने नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की थी.

1940 - रोमानिया के राजा कैरोल द्वितीय ने अपने बेटे माइकल

स्थापना
ड़े और सबसे
में की गई

मित्र राष्ट्रों

एस्टोनिया

फ बार्नेस ने
पुनर्निर्माण

में एक
9 लोगो की

ब्दी ईस्वी में
में

म के बाद
ारत-

ीका के केप
थी.






# स्कूली कक्षाओं को चाहिए योग्य शिक्षक

*शिक्षक की जिम्मेदारी सिर्फ छात्रों की पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रहती। वे उन्हें समय की पाबंदी, सहानुभूति और ईमानदारी जैसे मूल्य सिखाते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी नियम से स्कूल आएं, क्लास की गतिविधियों में हिस्सा लें और विश्वास रखें कि उनके भीतर भी क्षमता है। विद्यार्थी जितना शिक्षकों के शब्दों से सीखते हैं, उतना ही उनके आचरण से। जब शिक्षक विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ बेहतर करने और अच्छा भविष्य रचने की सीख देते हैं, तो उसका प्रभाव आगे चलकर समाज और देश पर पड़ता है। जब शिक्षक किसी ऐसे स्कूल में पढ़ाते हैं, जहां संसाधनों की कमी हो तब ये बातें और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, क्योंकि यही वह जगह है, जहां भारत की चुनौतियां अपने सबसे स्पष्ट रूप में दिखाई देती हैं।*
*किसी कम आय वाले इलाके की आठवीं कक्षा की कल्पना कीजिए। शिक्षक को पहले ही हफ्ते पता चल जाता है कि कई बच्चों का पढ़ने का स्तर दूसरी कक्षा का है। स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित, कुपोषण, आर्थिक तंगी से परेशान ये बच्चे क्या ध्यान लगाकर पढ़ पाएंगे? जात-पात, लिंग भेद, पंथ-संप्रदाय, सभी का असर इस पर पड़ता है कि कौन कक्षा में बोलेगा, कौन घर से काम करके ला पाएगा और कौन भविष्य के सपने देखने का साहस करेगा। सेकेंडरी स्कूल तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों के सामने मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल मीडिया की दुनिया खुल जाती है,*



कुछ महीने पहले मुझे ऐसे युवाओं के साथ समय बिताने का अवसर मिला, जो दो वर्षों से देश के अलग-अलग भागों में कम संसाधनों वाले स्कूलों में शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। ये युवा इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, वकालत, पत्रकारिता और साहित्य के ग्रेजुएट्स हैं और इनमें से किसी का भी लक्ष्य शिक्षक बनना नहीं था। उनका बस एक उद्देश्य था-स्कूल में पढ़ाकर उस भारत से परिचित होना, जो उनके अनुभवों से अलग है। इन ग्रेजुएट्स को साफ दिखाई दे रहा था कि समाज और देश को किन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और कहां बदलाव लाना जरूरी है। आखिर इन युवाओं में ऐसा क्या अलग था? मेरा निष्कर्ष है कि पढ़ाना ही नेतृत्व करना है। स्कूल में पढ़ाने का मतलब है अपना सर्वश्रेष्ठ देना।

शिक्षक की जिम्मेदारी सिर्फ छात्रों की पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रहती। वे उन्हें समय की पाबंदी, सहानुभूति और ईमानदारी जैसे मूल्य सिखाते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी नियम से स्कूल आएं, क्लास की गतिविधियों में हिस्सा लें और विश्वास रखें कि उनके भीतर भी क्षमता है। विद्यार्थी जितना शिक्षकों के शब्दों से सीखते हैं, उतना ही उनके आचरण से। जब शिक्षक विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ बेहतर करने और अच्छा भविष्य रचने की सीख देते हैं, तो उसका प्रभाव आगे चलकर समाज और देश पर पड़ता है। जब शिक्षक किसी ऐसे स्कूल में पढ़ाते हैं, जहां संसाधनों की कमी हो तब ये बातें और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, क्योंकि यही वह जगह है, जहां भारत की चुनौतियां अपने सबसे स्पष्ट रूप में दिखाई देती हैं।

किसी कम आय वाले इलाके की आठवीं कक्षा की कल्पना कीजिए। शिक्षक को पहले ही हफ्ते पता चल जाता है कि कई बच्चों का पढ़ने का स्तर दूसरी कक्षा का है। स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित, कुपोषण, आर्थिक तंगी से परेशान ये बच्चे क्या ध्यान लगाकर पढ़ पाएंगे? जात-पात, लिंग भेद, पंथ-संप्रदाय, सभी का असर इस पर पड़ता है कि कौन कक्षा में बोलेगा, कौन घर से काम करके ला पाएगा और कौन भविष्य के सपने देखने का साहस करेगा। सेकेंडरी स्कूल तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों के सामने मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल मीडिया की दुनिया खुल जाती है, जहां अक्सर बड़ों से उन्हें पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। बच्चों के विकास के इन महत्वपूर्ण दिनों में एक शिक्षक की जिम्मेदारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि और अधिक जटिल और बहुआयामी बन जाती है।

कल्पना कीजिए कि एक युवा शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में पहुंचता है। उसे चंद ही मिनटों में पता चल जाता है कि कई विद्यार्थी पाठ्यक्रम की किताब तक ठीक से पढ़ नहीं पा रहे हैं। तब वह किताब को परे रखकर, परिस्थिति के अनुसार अपना तरीका बदलता है। वह पढ़ाने के सरल तरीके ढूंढ़ता है, कहानियां सुनाता है और उन कहानियों को रोजमर्रा के जीवन से जोड़ता है। पढ़ाने के तरीके में इस तरह के बदलाव करना एक आम बात है। ऐसे अनुभव इस विश्वास को जन्म देते हैं कि गहरी चुनौतियों के बावजूद भारत में अभूतपूर्व सामाजिक सुधार और विकास की संभावना है। जब शिक्षक देखते हैं कि जिस बच्चे से जून में कोई उम्मीद नहीं थी, वह अक्टूबर आते-आते पूरा पाठ सस्वर पढ़ रहा है, तब वे यह बात दिमाग से निकाल देते हैं कि देश कभी बदल नहीं सकता।

शिक्षक देख लेते हैं कि जो संभव है, वह साकार भी हो सकता है। नगर निगम स्कूल में दूसरी कक्षा के बच्चों को पढ़ा रहे एक स्नातक ने दो ही वर्षों में विद्यार्थियों में तीन सालों की शैक्षणिक प्रगति दिखाई, स्कूल व्यवस्था को बदला और अपने प्रयास को सफल बनाने के लिए कारपोरेट साझेदारी से समर्थन जुटाया। आज वह एक विश्वस्तरीय कंसल्टिंग फर्म में लीडर हैं। टीच फार इंडिया, भूमि, गांधी फेलोशिप और एजुकेट गर्ल्स जैसी पहलों ने ऐसे युवा स्नातकों का समूह तैयार किया, जो देश की जमीनी सच्चाइयों से परिचित हैं। ये स्नातक अब टेक्नोलाजी, कंसल्टिंग और सामाजिक उद्यम के क्षेत्रों में संस्था निर्माता, विचारक एवं उद्यमियों के रूप में काम कर रहे हैं।

देश में स्नातकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इनमें से कई ऐसे हैं, जो देश के लिए कुछ करने के लिए तत्पर हैं। सवाल यह है कि क्या उन्हें देश की जमीनी सच्चाई की समझ है? जिस तरह कई देशों में युवाओं की फौज में भर्ती अनिवार्य है, उसी तरह शायद भारत में हर युवा को शिक्षण में अनिवार्य भर्ती शुरू करनी चाहिए। जिसकी इच्छा पढ़ाने की न हो, वह किसी और रूप में स्कूल में योगदान दे। नौकरीपेशा लोग भी किसी विद्यालय को हर हफ्ते अपने कुछ घंटे दें। इससे आत्मविश्वास के साथ देश की समस्याओं को सुलझाने वाला युवा वर्ग तैयार होगा। भारत ही एक ऐसा देश है, जहां इतनी विविधता, इतने सारे काबिल लोग और इतने जरूरतमंद स्कूली बच्चों का संयोजन है। समस्याओं के उपाय खोजने के लिए हमें किसी और देश की ओर देखने की आवश्यकता नहीं है। स्थिति, सामर्थ्य और आशा, सब हमारे पास हैं। हमें अपनी स्कूली कक्षाओं में और काबिल लोग चाहिए। केवल विद्यार्थी के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षक के रूप में भी, ताकि वे भारत को जान सकें और समय आने पर उसका नेतृत्व कर सकें।

# प्रमाणित होती अर्थव्यवस्था की मजबूती

*सीमेंट उत्पादन, तैयार स्टील की खपत और बुनियादी ढांचे तथा निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई। ई-वे बिल बनने की संख्या में भी दोहरे अंकों में वृद्धि जारी रही। जीएसटी की दरों में बड़े स्तर पर बदलाव और युक्तिसंगत बनाने के बाद सकल जीएसटी संग्रह में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन सभी संकेतकों को एक साथ देखने से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और आर्थिक वृद्धि का आधार काफी व्यापक है। पहली तिमाही में वाहनों की जोरदार बिक्री से संकेत मिलता है कि अपनी पसंद और आवश्यकता पर खर्च करने को लेकर लोगों की क्षमता बढ़ी है, जिसने मांग को मजबूती प्रदान की है। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र, तीनों में बैंक ऋण की व्यापक वृद्धि हुई है। मजबूत निवेश, स्थिर खपत, माल ढुलाई में तेजी और बैंक ऋण के विस्तार का एक साथ होना*

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 31 अगस्त को पहली तिमाही के वृद्धि दर के आंकड़े सामने आने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अकादमिक जगत के एक वर्ग ने इन आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि राष्ट्रीय आय और जीडीपी की गणना की पद्धति में कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से इन आंकड़ों की विश्वसनीयता पर संदेह होता है। इसकी पड़ताल आवश्यक है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में दर्ज 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण और निरंतर उपलब्ध आर्थिक संकेतकों का मजबूत आधार है। ये संकेतक अर्थव्यवस्था के विस्तार की मजबूती को प्रमाणित करते हैं। जैसे वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 18.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह माल ढुलाई और कारोबारी मांग में मजबूती का संकेत देती है। कंपनियां भविष्य में मांग बढ़ने की उम्मीद में वाहनों के बेड़े का विस्तार कर रही हैं। निवेश के मोर्चे पर भी काफी मजबूती दिखाई दे रही है। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मशीनरी और उपकरणों के आयात में 51.5 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी हुई।

सीमेंट उत्पादन, तैयार स्टील की खपत और बुनियादी ढांचे तथा निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई। ई-वे बिल बनने की संख्या में भी दोहरे अंकों में वृद्धि जारी रही। जीएसटी की दरों में बड़े स्तर पर बदलाव और युक्तिसंगत बनाने के बाद सकल जीएसटी संग्रह में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन सभी संकेतकों को एक साथ देखने से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और आर्थिक वृद्धि का आधार काफी व्यापक है। पहली तिमाही में वाहनों की जोरदार बिक्री से संकेत मिलता है कि अपनी पसंद और आवश्यकता पर खर्च करने को लेकर लोगों की क्षमता बढ़ी है, जिसने मांग को मजबूती प्रदान की है। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र, तीनों में बैंक ऋण की व्यापक वृद्धि हुई है। मजबूत निवेश, स्थिर खपत, माल ढुलाई में तेजी और बैंक ऋण के विस्तार का एक साथ होना इसका संकेत है कि अर्थव्यवस्था का यह विस्तार टिकाऊ है।




वृद्धि को लेकर संदेह का एक पहलू मौजूदा कीमतों और स्थिर कीमतों पर जीडीपी के बीच कीमतों में किए जाने वाले समायोजन यानी जीडीपी डिफ्लेशन को लेकर है। यह चिंता तब भी बनी हुई है, जबकि आधार वर्ष में बदलाव के दौरान गणना की पद्धति में काफी सुधार किए गए हैं। पहली तिमाही के नतीजे आने के बाद जीडीपी डिफ्लेटर को लेकर जो सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी सवाल उठाया गया है, वह भी इसी मुद्दे से जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली बेहतर पद्धतियों के अनुरूप संशोधित राष्ट्रीय आय के आंकड़ों में कीमतों के समायोजन के लिए अब थोक मूल्य सूचकांक यानी डब्ल्यूपीआइ की जगह नए उत्पादक मूल्य सूचकांक यानी पीपीआइ का उपयोग किया गया है। हालांकि, डिफ्लेशन की पद्धति और कीमतों से जुड़े आंकड़ों के स्रोत दोनों में एक साथ बदलाव किए जाने के कारण हाल में जीडीपी डिफ्लेटर में आए बदलावों को समझना कुछ मुश्किल हो गया है। पहली तिमाही के आंकड़े जारी होने के बाद हुई चर्चाओं में भी यह बात सामने आई है।

हमने विनिर्माण क्षेत्र में 'डबल डिफ्लेशन' पद्धति अपनाई है। इसमें उत्पादन और उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं (मध्यवर्ती खपत) की कीमतों में बदलाव को अलग-अलग समायोजित किया जाता है। इसके बाद दोनों के वास्तविक मूल्यों के अंतर से वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) निकाला जाता है। राष्ट्रीय आय की गणना में यह दुनिया भर में अपनाई जाने वाली सबसे बेहतर पद्धति मानी जाती है। जब उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतें तैयार उत्पादों की कीमतों से ज्यादा तेजी से बढ़ती हैं, तो मौजूदा कीमतों पर जीवीए की वृद्धि वास्तविक जीवीए की वृद्धि से कम हो सकती है। जब उत्पादन और कच्चे माल, दोनों की कीमतें बढ़ रही हों, तब भी जीवीए का निहित डिफ्लेटर नकारात्मक हो सकता है।

विकसित देशों में भी डबल डिफ्लेशन पद्धति अपनाने पर इस तरह के परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी तैयार उत्पादों की कीमतों की तुलना में अधिक रही। इससे जीवीए डिफ्लेटर कम हुआ।

# इसरो का नया अध्याय

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा द्वीप पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने सफलता का एक नया अध्याय लिखा। यह देश के पहले इमेजिंग सैटेलाइट के लांच के रूप में सामने आया। यह एक अत्याधुनिक अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट है। यह देश को रियल टाइम निगरानी और रणनीतिक डाटा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सैटेलाइट भारत को ऐसी क्षमता से लैस करेगा, जिसकी आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सैटेलाइट किसी क्षेत्र पर लगातार नजर रखने की क्षमता से लैस है। पृथ्वी से हजारों किमी ऊपर से यह सैटेलाइट भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ आसपास के सागरों और रणनीतिक रूप से




संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगाह रख सकेगा। यह बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातों, जंगलों की आग, पर्यावरणीय बदलावों की निगरानी में भी सहायक होगा। इसीलिए इसे अंतरिक्ष में भारत की आंख कहा जा रहा है। इसकी महत्ता का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि इसके प्रक्षेपण के समय नौसेना और वायुसेना के अधिकारी श्रीहरिकोटा में मौजूद थे। स्पष्ट है कि इस सैटेलाइट का उपयोग केवल नागरिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में भी मदद करेगा। इसरो की नवीनतम सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। अंतरिक्ष में भारत की एक और छलांग का महत्व इससे बढ़ जाता है, क्योंकि कुछ समय से इसरो का भरोसेमंद राकेट पीएसएलवी लगातार नाकाम हो रहा था। इसके चलते इसरों की सैटेलाइट लांचिंग क्षमता को लेकर सवाल उठने लगे थे। यह अच्छा हुआ कि इसरो के विज्ञानियों ने इन सवालों का जवाब शानदार तरीके से दिया।

इस सफल मिशन ने भारत की अंतरिक्ष एजेंसी को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। इसके बाद भी यह ध्यान रहे कि इसरो को अभी कई चुनौतियों का सामना करना है। इनमें कई सैटेलाइट की लांचिंग के साथ गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन भी है। गगनयान का पहला मानव रहित मिशन इसी वर्ष के अंत तक प्रस्तावित है। चूंकि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया है, इसलिए इसरो के सामने एक अन्य चुनौती कुशल मानव संसाधन को बनाए रखने की भी है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसरो बजट और संसाधनों की कमी के चलते प्रतिभाओं के अभाव का सामना न करने पाए, क्योंकि यदि ऐसा होता है

## सिपाही ने मूसल से वार कर पत्नी को मार डाला, वारदात के बाद दो घंटे तक मकान मालिक से करता रहा बातचीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** जेसीपी एलओ कार्यालय स्थित जन सूचना प्रकोष्ठ में तैनात हेड कांस्टेबल हिमांशु श्रीवास्तव ने पत्नी रश्मि श्रीवास्तव (40) के सिर पर मूसल (इमामदस्ते) से वार कर हत्या कर दी। रविवार दोपहर मकान मालिक को घटना का पता चला। उन्होंने पुलिस और रश्मि के मायके वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी हिमांशु को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की हत्या की वजह नहीं बताई है। पुलिस हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को वजह मान रही है।

एसीपी महानगर अंकित कुमार ने बताया कि मूलरूप से अयोध्या के निरालानगर खोजनपुर निवासी हिमांशु वर्ष 2011 बैच का सिपाही है। मौजूदा समय में वह जेसीपी एलओ कार्यालय स्थित जन सूचना प्रकोष्ठ में तैनात है। उसकी शादी वर्ष 2015 में अंबेडकरनगर के मालीपुर तहापुर निवासी रश्मि से हुई थी। दोनों का एक वर्षीय बेटा तन्मय है। हिमांशु मौजूदा समय में महानगर के पेपर मिल कॉलोनी निवासी अंशु श्रीवास्तव के मकान की पहली मंजिल पर किराए पर रहता था।

एसीपी ने बताया कि घटना रविवार सुबह की है। हत्या के बाद आरोपी हिमांशु बेटे को लेकर नीचे रहने वाले मकान मालिक के पास सुबह करीब सात बजे पहुंचा। वहां वह मकान मालिक से इधर-उधर की बातें करने लगा। करीब दो घंटे तक आरोपी मकान मालिक से पारिवारिक जिंदगी को लेकर बातचीत करता रहा। उसकी बातचीत पर मकान मालिक को शक हुआ। उन्होंने जब हिमांशु से उसकी पत्नी रश्मि के बारे में पूछा तो पहले उसने बताया कि रश्मि गिरकर घायल हो गई हैं। कुछ देर बाद उसने बताया कि पत्नी की मौत हो चुकी है।

# तराई में जोरदार बारिश, नेपाल से सटे आठ जिलों के लिए अलर्ट



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** नेपाल से सटे आठ जिलों में जोरदार बारिश के आसार हैं। 9 सितंबर तक तराई और पूर्वी यूपी के कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद बुधवार से कुछ दिनों के लिए यूपी में मानसूनी बारिश कमजोर पड़ेगी।

उत्तर प्रदेश में रविवार को मानसूनी सक्रियता में तेजी आई। इसका असर खास तौर पर पश्चिमी तराई में देखने को मिला। बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर आदि जिलों में भारी से अति भारी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को नेपाल से सटे आठ जिलों में जोरदार बारिश के आसार हैं। 9 सितंबर तक तराई और पूर्वी यूपी के कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद बुधवार से कुछ दिनों के लिए यूपी में मानसूनी बारिश कमजोर पड़ेगी। रविवार को बरेली में सर्वाधिक 134.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं बिजनौर में 134 मिमी और मुरादाबाद में 114 मिमी बारिश हुई। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार नए सक्रिय हुए मौसम तंत्र के असर से सोमवार और मंगलवार को यूपी के तराई जिलों में गरज चमक के साथ कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हो सकती है। बुधवार से निम्न दबाव क्षेत्र का असर कमजोर पड़ने पर बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है।

**इन जिलों में है भारी बारिश का येलो अलर्ट :** बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती व आसपास के क्षेत्र में।

## संक्षेप समाचार

### खटीमा - मझोला व खटीमा- सितारगंज रोड की कच्ची पटरी बरसात में बनी जानलेवा



पीलीभीत रोड पर कच्ची पटरी में फंसा लोड वाहन। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के पटरी विहीन मुख्य एवं सह मार्ग इन दिनों आम लोगों के जी के जंजाल बन चुके हैं। खटीमा नगर के बरसों पूर्व मुख्यमंत्री के सौंदरीकरण की घोषणा के अभी तक परवाह न चढ़ने से इन मार्गों पर चलने वाले आम लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर से जुड़ने वाले सितारगंज रोड तथा पीलीभीत रोड पर बिछे डामर से एक व दो फीट नीचे कच्ची पटरी जलमग्न अथवा कीचड़ युक्त स्थिति में रहती है। मार्ग की कच्ची पटरी की जलमग्न स्थिति से आम जनता को तेज रफ्तार से चलने वाले वाहन कीचड़ युक्त गंदे पानी से रंगते रहते हैं। वहीं कीचड़ युक्त पटरी पर उतरने के बाद वापस डामर में लौटना जान जोखिम में डालने से काम नहीं है। इन मार्गों पर आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होनी आम बात बन चुकी है। सितारगंज रोड दोनों और कीचड़ एवं जलमग्न स्थिति में रहता है। कमोवेश यही स्थिति पीलीभीत रोड की भी बनी है। बारिश बंद होने के लगभग एक सप्ताह तक मार्ग की पटरी कीचड़ युक्त रहती है। डामर से नीचे कच्चे पटरी में उतरने वाले वाहन मुश्किल गिरने पलटने से बचते हैं। नेशनल हाईवे हल्द्वानी के सहायक अभियंता विनोद कुमार बताते हैं कि बरसात समाप्त होते ही पीलीभीत मार्ग का अवशेष कार्य प्रारंभ हो सकेगा।

### होमगार्ड बनने के लिए एक लाख से अधिक अभ्यर्थी लगाएंगे दौड़, 14 सितंबर से होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा



**लखनऊ।** शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम परीक्षा की समाप्ति के बाद उसी दिन जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद बोर्ड द्वारा सभी चरणों में सफल रहे अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा। 14 सितंबर से होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में करीब एक लाख अभ्यर्थी दम दिखाएंगे। उत्तर प्रदेश में होमगार्ड के 41424 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। होमगार्ड बनने के लिए 14 सितंबर से होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) में करीब एक लाख अभ्यर्थी दम दिखाएंगे। परीक्षा प्रदेश के 15 केंद्रों पर होगी। इसमें 14 पीएसी की वाहिनी और एक पुलिस लाइन शामिल है। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम परीक्षा की समाप्ति के बाद उसी दिन जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद बोर्ड द्वारा सभी चरणों में सफल रहे अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा, जिसके बाद वह अपने एनरोलमेंट वाले जिले में जाकर प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे। आधारभूत प्रशिक्षण के बाद उनको तैनाती दी जाएगी। बता दें, बोर्ड द्वारा पहले 8 सितंबर से परीक्षा कराई जानी थी लेकिन प्रदेश में अत्याधिक बारिश से इसे एक हफ्ते टाल दिया गया है। वहीं, बोर्ड द्वारा वहीं जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन प्रोविजिनल तरीके से हुआ है, उनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा इस संबंध में लिए गए अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

### स्वाइन फ्लू के सात नए मरीज मिले, तीन मरीज अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्वाइन फ्लू का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। रविवार को इसके सात नए मरीज मिले। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चार मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि पूर्व में अस्पताल में भर्ती एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। होम आइसोलेट तीन मरीज भी स्वस्थ हुए हैं। अब लखनऊ में सक्रिय मामले 66 रह गए हैं। स्वास्थ्य विभाग संक्रमित मरीजों की स्थिति पर नजर रख रहा है। केजीएमयू माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ. शीतल वर्मा ने बताया कि एच1एन1 संक्रमित मरीजों में बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, शरीर में दर्द और कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। सांस लेने में परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बेवजह जाने से बचें, मास्क लगाएं।

### चित्रकूट से वापस आकर सीएम ने की समीक्षा बैठक, मंदाकिनी के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चित्रकूट दौरे के बाद वापस आकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने, फसल तथा मकान की क्षति का तत्काल सर्वे कराकर पात्रों की मदद करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतिवृष्टि से प्रभावित चित्रकूट का भ्रमण करने के बाद वापस आकर अधिकारियों को व्यापारियों, मठ-मंदिरों आदि को हुए नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही मंदाकिनी नदी के कैचमेंट एरिया में हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करने, नदी पर बने फुट ओवर ब्रिज का पीडब्ल्यूडी से सेफ्टी ऑडिट कराने, सीवर और नालों का पानी किसी भी दशा में नदी में नहीं जाने देने और घाट के विस्तारीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# सरकार 10 करोड़ रुपये भी देगी तो भी नानकमत्ता के विकास के लिए कम पड़ेगा

- लामाखेड़ा नानकमत्ता के स्वीकृति बिजली घर को सत्ता पक्ष सितारगंज ले गया : विधायक राणा

जागरण मोर्चा कार्यालय



पत्रकार वार्ता करते नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा।

**खटीमा।** नानकमता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि उनके द्वारा सबसे अधिक 74% विधायक निधि विकास कार्य में खर्च की गई है। उन्होंने चिंता व्यक्ति की कि उनके प्रतिद्वंदी यहां कोई विकास कार्य न होने की अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। जबकि उनके पास विकास कार्य संपन्न कराने की योजनाएं हैं। यदि सरकार उन्हें 10 करोड़ का बजट निर्गत करती तो भी उनके विकास कार्यों की प्लानिंग की तुलना में अप्राप्त रहेगा।

विधायक राणा ने स्वयं को विकास पुरुष पूर्व सीएम एनडी तिवारी का करीबी बताते हुए कहा कि वर्ष 2002 में पहली बार खटीमा का विधायक बनने पर उनके द्वारा खटीमा में तहसील, विकासखंड, अस्पताल भवन तथा झनकट, खटीमा, हल्दी पचपेड़ा में सब विद्युत स्टेशन लोहिया हेड पावर हाउस का जीर्णोद्धार, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन का निर्माण कराया था। उनके पास विकास कार्यों की कई योजनाएं हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों को आगाह किया कि वह विकास के मामले में बिंदुवार उनसे वार्ता कर लें। नानकमत्ता को पिछड़ा क्षेत्र बताते हुए राणा ने कहा कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री धामी से तालमेल बनाकर थारू विकास भवन व महाविद्यालय भवन तथा मार्ग का निर्माण कराया। विधायक निधि को सीमित बताते हुए विधायक ने कहा कि इस बजट से संपर्क मार्ग पुलिया, नाली , सीसी रोड, धार्मिक स्थलों के सौंदरीकरण कार्य किए गए हैं । विधानसभा क्षेत्र में एकमात्र बिजली घर को अपर्याप्त बताते हुए उन्हें कहा कि इसके लिए लामा खेड़ा में भूमि की व्यवस्था की गई थी लेकिन सत्ता की हनक के चलते बिजली को सितारगंज स्थानांतरित कर लिया गया। नानकमत्ता के एकमात्र दो इंटर कॉलेजों को छात्रों की तुलना में पर्याप्त बताते हुए कहा कि बजट के अभाव में यहां इंटर कॉलेज व हाई स्कूलों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। यहां चल रहे अस्पताल की जर्जर हालत बताते हुए कहा कि चिकित्सकों एवं जरूरी दवाओं के अभाव में यहां से रोगी हायर सेंटर के लिए रेफर किए जाते हैं। विधायक राणा ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब कांग्रेस सत्तासीन होगी। यहां पुल,सब विद्युत स्टेशन, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि का निर्माण होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कुशासन के चलते देश व प्रदेशवासी ट्रस्ट हैं। वह भाजपा को अलविदा कर 2027 में कांग्रेस की सरकार चाहती है।

## खुद को आईएएस अधिकारी का रिश्तेदार बताकर सिपाही से ठगे 16.55 लाख रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** महिला पुलिसकर्मी को निवेश पर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर जालसाज ने 16.55 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने खुद को एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का रिश्तेदार बताया था। पुलिसकर्मी ने आरोपी के खिलाफ शनिवार को हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। आरोप है कि जालसाज ने करीब 50 से अधिक पुलिसकर्मियों से निवेश और पोस्टिंग के नाम पर करोड़ों रुपये ठगे हैं।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मोना सिकरवार दारुलशफा पुलिस चौकी पर तैनात हैं। उनके अनुसार इस साल मई माह में उनकी मूलरूप से झांसी और वर्तमान में लालबाग निवासी प्रदीप शिवहरे से मुलाकात हुई थी। प्रदीप का अधिकारियों में उठना-बैठना था। उसने मोना को एक योजना के बारे में बताया और निवेश की रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। प्रदीप की ऊंची पहुंच देख महिला सिपाही उसकी बातों में आकर निवेश के लिए राजी हो गईं। दर्ज एफआईआर के मुताबिक मोना ने निवेश के लिए 10 लाख रुपये का पर्सनल लोन लिया। लोन में मिली 9.55 लाख रुपये की रकम आरोपी ने अपने पार्टनर के खाते में ट्रांसफर करा ली। इसके अलावा उसने मोना से सात लाख रुपये नकद भी लिए। निवेश के कुछ समय बाद जब मोना ने प्रदीप से मुनाफे की रकम मांगी तो वह टालमटोल करने लगा। बाद में मोना ने निवेश किए रुपये मांगे तो आरोपी ने मोबाइल फोन बंद कर लिया।

## शाहजी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय




शाहजी पब्लिक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपहार के साथ। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** शाहजी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों के प्रति सम्मान, आभार एवं उनके समर्पण को सराहना देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शाजिया सिद्दीकी, परवीन सिद्दीकी, काशिफ सिद्दीकी, मोहम्मद सैफ अली सिद्दीकी, आकिब सिद्दीकी एवं आसिफ सिद्दीकी द्वारा डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद फैज़ अली सिद्दीकी एवं प्रधानाचार्य ने शिक्षक शिक्षाविदपुर राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण ज्ञान विकास एवं उज्जवल भविष्य की आधारशिला बताया। उन्होंने डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शिक्षा के प्रति समर्पण का श्रवण करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का की अपील की । इस दौरान शिक्षकों को उपहार देकर टोकन ऑफ अप्रिसिएशन प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शाजिया सिद्दीकी ने शिक्षकों के महत्व और समाज एवं विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण की झांकी के साथ निकाली कलश यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



राधा-कृष्ण की झांकी के साथ निकाली गई कलश यात्रा। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** आदर्श व्यानधुरा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण की झांकी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ब्यान धुरा मंदिर से निकली कलश यात्रा सिद्धेश्वर शिव मंदिर कंजाबाग रोड होते हुए कंजाबाग पटिया स्थित शिव मंदिर से वापस ब्यान धुरा मंदिर लौटी। राधा- कृष्ण की झांकी के साथ निकली कलश यात्रा में मातृशक्ति परंपरागत वेशभूषा में सर पर कलश लिए हुए कृष्ण कन्हैया के जयकारों के साथ चल रही थी। इस दौरान भजन - कीर्तन एवं राधा - कृष्ण की लीला का बखूबी महिमा का बखान किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कंजाबाग प्राइमरी विद्यालय में देर साम मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कंजाबाग के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी बच्चों की टीम को आदर्श ब्यान धुरा रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोविंद गडकोटी, कोषाध्यक्ष रघुवर मेहता एवं सचिव गोकुल ओली सभासद ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने प्रतिभाग किया । उन्होंने आयोजक मंडल को बधाई देते हुए क्षेत्र की जनता को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम में मध्य रात्री कृष्ण जन्म तक भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान सिद्धेश्वर शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश जोशी, गोपाल सनवाल, दिव्य प्रकाश जोशी, दीपक जोशी, दिनेश जोशी, गिरीश पांडे , भुवन बोरा, रोहित शर्मा, शिप्रा जोशी, ममता ओली, तुलसी कुंजवाल, किरण भट्ट आदि मौजूद रहे।

**आक्रोश** पंजाबी समाज ने हमेशा देश की एकता, अखंडता और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया

## पंजाबी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसील कर्मियों को सौंपते उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पदाधिकारी।

**खटीमा।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा के नगर अध्यक्ष जितिन ग्रोवर के नेतृत्व में पंजाबी समाज के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आकांक्षा नेगी द्वारा पंजाबी समाज के प्रति कथित रूप से "पाकिस्तानी" कहे जाने वाली टिप्पणी से पंजाबी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। जबकि पंजाबी समाज ने हमेशा देश की एकता, अखंडता और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे में किसी भी समाज या समुदाय को उसकी पहचान के आधार पर अपमानित अथवा आपत्तिजनक टिप्पणी किया जाना उचित नहीं है। ज्ञापन में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के नगर अध्यक्ष जितिन ग्रोवर ने पंजाबी समाज को देश की मिट्टी से जुड़ा हुआ समाज बताया है।

उन्होंने पंजाबी समाज को 'पाकिस्तानी' कहना न केवल भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि उन लाखों लोगों के संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का भी अपमान करना है। अनिल बत्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध वैमनस्य पैदा करना नहीं है। हम चाहते हैं कि समाज के किसी भी वर्ग के सम्मान और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग न किया जाए। चर्चा बत्रा ने कहा कि हम संविधान, कानून तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में हैं। इसलिए राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है। मनोज वाधवा ने कहा कि पंजाबी समाज सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और राष्ट्र की एकता में विश्वास रखता है। इसलिए भविष्य में सभी के सम्मान, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाता रहेगा। ज्ञापन देने वालों में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के नगर अध्यक्ष जितिन ग्रोवर, महामंत्री हरीश बत्रा, अनिल बत्रा, करनैल सिंह खिंडा, हरभजन सिंह खिंडा, सुमित गुंबर, विजय अरोड़ा, मनोज बाधवा, मंगतराम अरोड़ा, सुनील बत्रा, दलबीर सिंह सोहल, ललित मोहन मारवाह ,सोनिया सुनेजा, आरती डाबर, दीप्ति ग्रोवर, चर्चा बत्रा, सीमा बत्रा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

### 120 से 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को मिली सफलता

जागरण मोर्चा कार्यालय




बोचा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को सितारगंज रोड से सुजिया जाने वाले रास्ते से दबोचा। पुलिस के अनुसार,05-07-2026 को ग्राम बरी अंजनियां निवासी चन्द्र बदन जोशी ने खटीमा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोग स्कार्पियो वाहन से मौके पर पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौच करने लगे। इसी दौरान एक आरोपी ने तमंचे से उनकी ओर फायर झौंका बावजूद वह बाल-बाल बच गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 187/2026 में धारा 109(1), 351(3) व 352 बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर के निर्देशन में पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे करीब 120 से 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने पांच सितंबर को सतविन्दर सिंह उर्फ सोनू कनेटी (37) पुत्र गुरवचन सिंह, निवासी कनेटी फार्म, थाना बहेड़ी, जनपद बरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में चार अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुण्ठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक केसी आर्या, उपनिरीक्षक एवं विवेचक राकेश राय तथा हेड कांस्टेबल रविन्द्र नाथ शामिल रहे।








## एक नजर

### बारिश के कारण कच्चा घर भरभराकर गिरा, घरेलू सामान मलबे में दबा

**पीलीभीत।** जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते शुक्रवार शाम गजरौला क्षेत्र के भुड़िया इटौरिया में एक कच्चा घर अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय घर में कोई नहीं था, जिससे जनहानि होने से बच गई। हालांकि, घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। इससे पीड़ित परिवार के सामने गृहस्थी चलाने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित सियाराम ने बताया कि बारिश के कारण कच्चा घर पहले से कमजोर हो गया था। शुक्रवार शाम अचानक घर गिर गया। बरसात के चलते परिवार के लोग कच्चे घर में नहीं रह रहे थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। पीड़ित ने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। घटना की सूचना राजस्व प्रशासन को दे दी गई है।

# पुराने पुल के पास लावारिस मिली बाइक युवक के नदी में गिरने की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मानपुर टेहरी में काटना नदी के पुराने पुल के पास शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक की बाइक पुल के समीप लावारिस हालत में खड़ी मिली। बाइक की पहचान होने के बाद युवक के नदी में गिरने की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कराई।

बताया गया कि गांव भैनपुरा निवासी 24 वर्षीय विकास वर्मा पुत्र डोरीलाल वर्मा शनिवार को बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भगवन्तापुर स्थित अपनी ससुराल से बाइक से घर लौट रहे थे। शाम करीब छह बजे उनकी बाइक काटना नदी के पुराने पुल के पास मिली। बाइक वहां खड़ी देखकर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ और मामले की जानकारी परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर बीसलपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बाइक की नंबर प्लेट के आधार पर वाहन के संबंध में जानकारी जुटाई और युवक के परिजनों से संपर्क किया। इसके बाद नदी में युवक के गिरने की आशंका को देखते हुए उसकी तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है। परिजनों के अनुसार कुछ मछुआरों ने विकास को नदी में गिरते हुए देखने की बात कही है। हालांकि, पुलिस स्तर पर युवक के नदी में डूबने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस स्थानीय लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है और नदी में संभावित स्थानों पर तलाश कराई जा रही है। विकास वर्मा गांव भैनपुरा के प्रधान धर्मवीर के सगे भतीजे बताए जा रहे हैं। युवक के अचानक लापता होने और नदी के पुराने पुल के पास बाइक मिलने से परिजनों में चिंता और बेचैनी का माहौल है। पुलिस का कहना है कि तलाश पूरी होने के बाद ही घटना की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# नाबालिग बेटी की फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने वाले अज्ञात युवक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों के बीच जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ एक अज्ञात सिरफिरे युवक द्वारा ग्यारह वर्षीय नाबालिग बच्ची की तस्वीर को उसकी बिना अनुमति के इंस्टाग्राम पर एक फर्जी आईडी बनाकर शेयर कर दिया गया। घटना की जानकारी जैसे ही पीड़ित परिवार को हुई, घर में हड़कंप मच गया। बदनामी और लोक-लाज के डर से परेशान पीड़ित मां ने तुरंत पुलिस की शरण ली और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहनता से तफ्तीश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला छोटा खुदा गंज निवासी एक महिला ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि वह कोतवाली जनपद पीलीभीत की मूल निवासी है। उसका कहना है कि किसी अज्ञात शरारती तत्व ने उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री की फोटो को सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर किसी अज्ञात आईडी से पोस्ट कर दिया है। जैसे ही पीड़िता को इस बात का पता चला, वह अपनी बेटी के भविष्य और सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित और मानसिक रूप से परेशान हो गई। आरोपी की इस ओछी हरकत से पूरे परिवार की साख दांव पर लग गई है। कोई अन्य रास्ता न देखकर पीड़िता तुरंत स्थानीय कोतवाली पहुंची और पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी फरियाद रखी। पीड़ित मां ने पुलिस को दी गई अपनी तहरीर में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, उसने प्रशासन से यह भी पुरजोर अपील की है कि उस फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से उसकी नाबालिग बेटी की सभी तस्वीरों को तुरंत प्रभाव से डिलीट करवाया जाए, ताकि भविष्य में उसकी बेटी को किसी भी तरह की मानसिक प्रताड़ना या सामाजिक अपमान का सामना न करना पड़े। मामले की संवेदनशीलता और पीड़िता की मानसिक स्थिति को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित संज्ञान लिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि वह इस मामले में तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद ले रही है, ताकि उस इंस्टाग्राम आईडी को चलाने वाले अज्ञात शख्स की लोकेशन और पहचान को जल्द से जल्द ट्रैक किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर महिलाओं और नाबालिग बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# साक्ष्य के अभाव में पति-ससुराल पक्ष बरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** न्यायालय में अभियोजन पक्ष द्वारा अपनी ही बात का समर्थन न करने और ठोस साक्ष्यों की कमी के चलते सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी पति, सास और ससुर को बरी कर दिया है। इसके साथ ही अदालत में झूठी गवाही देने के जुर्म में मुकदमा वादी मृतका के पिता के खिलाफ ही विविध वाद दर्ज कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ज्ञात रहे थाना अमरिया के ग्राम बहादुरपुर हुक्मी निवासी राधेश्याम पुत्र रामस्वरूप ने 29 अप्रैल 25 को मामला दर्ज कराया था। तहरीर के अनुसार, उनकी बेटी दीपमाला की शादी 29 नवंबर 23 को चटिया भैंसाह निवासी मुनेंद्र कुमार से हुई थी। आरोप था कि शादी के बाद पति मुनेंद्र, सास कौशल्या देवी और ससुर भानु प्रताप उर्फ भजनलाल पांच तोला सोने की चैन एवं पाच लाख रुपये नकद की मांग को लेकर दीपमाला को प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया गया था कि मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने दीपमाला को जहर दे दिया, जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद पति, सास और ससुर के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। हालांकि, सुनवाई के दौरान मुकदमा वादी राधेश्याम ने अपने शपथ पत्र और बयानों में अभियोजन पक्ष की कहानी का समर्थन नहीं किया। साक्ष्यों और बयानों के अभाव में अदालत ने तीनों आरोपियों (पति, सास और ससुर को दोषमुक्त कर दिया। वहीं, अदालत के सामने झूठी गवाही देने और न्यायालय को गुमराह करने पर न्यायाधीश ने कड़ा रुख अपनाते हुए मृतका के पिता राधेश्याम के खिलाफ विविध वाद दर्ज कर उन्हें नोटिस जारी किया है।

# जेकेएसएस की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर विचार

जागरण मोर्चा कार्यालय


जेकेएसएस की मासिक बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जन कल्याण सुरक्षा संघ (जेकेएसएस) के मोहल्ला खकरा स्थित कार्यालय पर संगठन की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। अधिक से अधिक महिलाओं और युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह ने जिला, तहसील, ब्लॉक और नगर अध्यक्षों से अपनी-अपनी कार्यकारिणी गठित कर जिला मुख्यालय पर शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने ब्लॉक और तहसील अध्यक्षों से ग्राम स्तर की कार्यकारिणी भी गठित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा का संगठन पूरा ध्यान रखेगा और उत्पीड़न की स्थिति में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में युवा भटकाव का शिकार हो रहे हैं, इसलिए गांवों, नगरों और शहरों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जाने चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव श्रीपाल सिंह ने कहा कि 'गांव की समस्या गांव में समाधान' कार्यक्रम के तहत संगठन द्वारा गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बिचौलिए लोगों को गुमराह कर चौपाल कार्यक्रमों में पहुंचने से रोकते हैं और समस्याओं की आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। जिला उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशे के कारण युवाओं की आर्थिक, मानसिक, शारीरिक और पारिवारिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्मैक, चरस और गांजा के अवैध विक्रेताओं पर प्रभावी कार्रवाई कर प्रतिबंध लगाने की मांग की। बैठक में बृजेश सिंह, पूनम वर्मा, हेमनाथ भोजवाल, पीलीभीत कश्यप सिंह, प्रभुनाथ, बलवीर सिंह, अनिल कुमार, ओमकार, जयवीर सिंह, गुरनाम सिंह, दीनानाथ, हरिश्चंद्र सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### बरखेड़ा में सड़क हादसा, सिंचाई विभाग के कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत


मृतक का फाइल फोटो।

**बरखेड़ा।** पीलीभीत में रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर ड्यूटी लौट रहे सिंचाई विभाग के कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार शाम बरखेड़ा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को पहले बरखेड़ा सीएचसी, फिर बरेली के निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत में सुधार न होने पर शनिवार को परिजन उन्हें पीलीभीत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 52 वर्षीय अनिल कुमार के रूप में हुई है। वह सिंचाई विभाग में मेठ के पद पर पौटा कलां डैम पर तैनात थे। उनका परिवार बीसलपुर में रहता है, जबकि ड्यूटी के चलते वह पीलीभीत शहर की आवास विकास कॉलोनी में रहते थे। रक्षाबंधन पर अनिल मोटरसाइकिल से बीसलपुर स्थित अपने घर गए थे। शुक्रवार शाम परिवार के साथ त्योहार मनाने के बाद वह बाइक से पीलीभीत लौट रहे थे। इसी दौरान बरखेड़ा क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सड़क पर घायल हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। शनिवार को परिजन उन्हें वापस पीलीभीत जिला अस्पताल लेकर आए। यहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बरखेड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। बरखेड़ा थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे टक्कर मारकर भागे वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

### रोटरी क्लब ने शिक्षक दिवस पर दस शिक्षकों को किया सम्मानित

**पीलीभीत।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ द्वारा होटल सिल्वर लीफ में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट प्यारेलाल मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट समर्पण, सेवा एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए दस शिक्षकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान वर्षा सक्सेना, संतोष खरे, सुखराम कोली, विभव सक्सेना, अजय कुमार, रजनी राठौर, डॉ. राम प्रकाश गंगवार, अनीता गंगवार, जॉर्ज थॉमस एवं सोनाक्षी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट प्यारेलाल मौर्य ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने शिक्षकों को समाज का वास्तविक निर्माता बताते हुए कहा कि उनके ज्ञान, समर्पण और मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य आकार लेता है। शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना हम सभी का दायित्व है।कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम निदेशक रोटेरियन आंचल गुप्ता (जेएमबी) के साथ शिक्षक दिवस कार्यक्रम समिति के सदस्यों अशोक अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, राजेंद्र सिंह छाबड़ा, डॉ. प्रणव शास्त्री, अनुज कुमार अग्रवाल, अनिल गुप्ता,जॉय मैनी एवं नितीश अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।समारोह के अंत में क्लब के अध्यक्ष पीएचएफ मुरली मनोहर अग्रवाल अधिवक्ता ने मुख्य अतिथि एवं सभी सम्मानित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# पति को खुदकुशी के लिए उकसाने की आरोपी पत्नी को मिली राहत

## अदालत ने जमानत याचिका की स्वीकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पति को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में घिरी पत्नी को अदालत से बड़ी राहत मिल गई है। सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी पत्नी रेखा देवी की जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया है।ज्ञात रहे पूरा मामला जहानाबाद थाना क्षेत्र का है। मृतक की मां माया देवी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, 4 जून 26 को शाम करीब आठ बजे उनके बेटे धर्मेंद्र कुमार ने अपनी पत्नी रेखा को किसी अन्य व्यक्ति के साथ फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और तीखे झगड़े में बदल गई। शहर की कोतवाली के ग्राम गणेशपुर गोटिया निवासी रेखा ने झगड़े के दौरान पति धर्मेंद्र को जलील करते हुए उकसाया। आरोप है कि रेखा ने पति से कहा कहीं जाकर मर जा, इतना जलील करती हूं फिर भी आत्महत्या नहीं कर रहा है।" पत्नी के लगातार तानों, उकसावे और मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर धर्मेंद्र कुमार ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी।अदालत में बचाव पक्ष के तर्क आरोपी रेखा देवी की ओर से सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया किः आरोपी रेखा पूरी तरह से निर्दोष है और उसने अपने पति को प्रताड़ित नहीं किया है। घटना को लेकर प्रथम सूचना रिपोर्ट काफी विलंब से दर्ज कराई गई है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें और मामले के तथ्यों को सुनने के बाद आरोपी रेखा देवी की जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया।

# पारिवारिक विवाद से परेशान युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

- पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी, बाइक के नंबर से हुई मृतक की पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस मौके पर पहुंच करती तहकीकात। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज ललौरीखेड़ा क्षेत्र में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ घरेलू कलेश से तंग आकर पच्चीस वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। घटनाक्रम आज सुबह फ्लाईओवर के नीचे बालपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर स्थानीय ग्रामीणों ने एक युवक का क्षत विक्षत शव देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना जहानाबाद थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को जांच के दौरान पुलिस को मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन मिला, जो ट्रेन के पहियों के नीचे आने से पूरी तरह टूट चुका था। जेब से एक बाइक की चाबी भी बरामद हुई। पुलिस ने जब आसपास तलाश की, तो झाड़ियों के पास एक लावारिस बाइक (UP 26A W 8399) खड़ी मिली।पुलिस को बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मृतक की पहचान जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुलरियां जाफर निवासी नितिन कुमार गुप्ता पच्चीस वर्षीय पुत्र पोथी राम के रूप में हुई। स्थानीय लोगों और प्राथमिक जांच के अनुसार, युवक पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद और घरेलू क्लेश के कारण मानसिक तनाव में था। इसी से तंग आकर उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। पुलिस मामले की आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## कार्यक्रम

तीनों रेंजों में वृक्षारोपण, गोष्ठी व प्रतियोगिताओं का हुआआयोजन एक पेड़ गुरू के नाम 'अभियान के तहत रोपे गए पौधे

# वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने मनाया 'अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस' व 'शिक्षक दिवस'

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** आज वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस' एवं 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर प्रभाग की तीनों रेंजों के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों व संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं और वृक्षारोपण अभियानों का वृहद आयोजन किया गया। पीलीभीत रेंज के ललौरीखेड़ा सेक्शन अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बार नवादा में 'अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस' पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 'एक पेड़ गुरू के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पाच अमरूद के पौधे रोपे गए। इसके अतिरिक्त राजकीय इण्टर कालेज अमरिया एवं नेहरू इण्टर कालेज गुलड़िया भिण्डारा मझोला में भी पौधारोपण कर शिक्षक दिवस मनाया गया।एवं राजकीय आयुर्वेदिक कालेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व मनीष सिंह, प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग, प्रतापगढ़ आशुतोष गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री तथा वन एवं वन्यजीव व जैव विविधता संरक्षण समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 'एक पेड़ गुरू के नाम' पौधारोपण के साथ-साथ 'अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस' पर एक बृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों ने गिद्धों के संरक्षण व पारिस्थिक तंत्र में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। तथा बीसलपुर रेंज अंतर्गत शिक्षक दिवस के अवसर पर कई विद्यालयों में पौधरोपण अभियान चलाया गया। भगवान दास गेंदनलाल इण्टर कालेज बीसलपुर में वॉटलबुश दो अमरूद तीन एवं कचनार दो के पौधे, प्राथमिक विद्यालय ईटगांव में आंवला पाच एवं गोल्ड मोहर पाच के पौधे तथा जनता इण्टर कालेज बरखेड़ा में जामुन पाच अमरूद चार एवं कचनार 12 पौधे रोपे गए। इन कार्यक्रमों में विद्यालयों के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं बीसलपुर रेंज के स्टाफ ने हिस्सा लिया।वही पूरनपुर रेंज के कंपोजिट स्कूल चांट फिरोजपुर में 'अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को गिद्धों के संरक्षण और प्रकृति में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। वहीं ग्राम-सुआबोझ स्कूल में हेड मास्टर श्री विनीत कुमार, शिक्षकों, स्कूली बच्चों और पूरनपुर रेंज के स्टाफ की मौजूदगी में 'एक पेड़ गुरु के नाम' पौधारोपण कर शिक्षक दिवस मनाया गया।

# शहर से सटी पांच कॉलोनियां में जलभराव बना मुसीबत, कई परिवारों ने छोड़ा घर

**पीलीभीत।** पीलीभीत में शहर से सटी अखिलेश विहार कॉलोनी सहित अन्य पांच कॉलोनियां इन दिनों प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही का दंश झेल रही है। कॉलोनियों में पिछले दो साल से नाला निर्माण नहीं होने के चलते बरसात में एक महीने से जलभराव बना हुआ है, लोगों के घरों के बाहर तीन फीट तक पानी है। कॉलोनी में पिछले एक सप्ताह से मगरमच्छ की दहशत है। बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। वहीं कई लोग कॉलोनी में अपने घर पर ताला डालकर किराए पर रहने के लिए सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। हालांकि बीते फल भी यहां पर पहुंचने का अधिकारियों का आना हुआ, लेकिन निस्तारण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई।

# छप्पर पर गिरा सेमल का विशाल पेड़, चाय बना रही लड़की को लगी चोटें, ग्रामीणों ने बचाया

जागरण मोर्चा कार्यालय


छप्पर पर गिरा सेमल का पेड़। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव नवदिया मुजप्ता में रविवार को एक छप्पर पर अचानक सेमल का एक बड़ा पेड़ गिर गया। उस समय छप्पर के अंदर एक लड़की चाय बना रही थी। पेड़ गिरते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। पेड़ गिरने से पूरा छप्पर टूट गया और लड़की मलबे में दब गई। पेड़ की टहनियों से उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। अचानक हुए हादसे से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। लड़की की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर छप्पर फाड़कर काफी कोशिश के बाद लड़की को बाहर निकाला और उसकी जान बचाई।गनीमत रही कि लड़की छप्पर के कोने में थी जिससे उसकी जान बच गई।हादसे के समय लड़की छप्पर के कोने में थी। जिससे उसकी जान बच गई। परिजनों ने घायल लड़की को तुरंत प्राथमिक उपचार दिलवाया। घायल लड़की का इलाज चल रहा है। इस हादसे में गरीब परिवार का छप्पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। छप्पर के अंदर रखा घरेलू सामान भी टूट-फूट गया। परिवार के सामने अब रहने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सेमल का पेड़ काफी पुराना और जर्जर हालत में था। तेज हवा और बारिश के कारण पेड़ अचानक छप्पर पर गिर गया।गांव में पहले भी ऐसे हादसों की आशंका जताई जा रही थी। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और रहने की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से गांव के आसपास खड़े जर्जर पेड़ों को हटवाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## एक नजर

### सेहरामऊ में मालगाड़ी की चपेट में आने से बैल की मौत

**पूरनपुर।** सेहरामऊ में एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई। यह घटना सेहरामऊ रेलवे स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर पीछे मढ़ा खुर्द कलां गांव के पास रविवार रात को हुई। रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि रविवार रात करीब तीन बजे एक मालगाड़ी वहां से गुजर रही थी। तभी अचानक एक बैल ट्रैक पर आ गया और मालगाड़ी से टकरा गया।टक्कर इतनी तेज थी कि बैल की मौके पर ही जान चली गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके की ओर दौड़ पड़े।रेलवे ट्रैक पर बैल का शव पड़ा देख हड़कंप मच गया।घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही रेलवे स्टाफ मौके पर पहुंच गया।उन्होंने बैल के शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर किनारे कर दिया ताकि रेल आवाजाही पर कोई असर न पड़े। ट्रैक को पूरी तरह से साफ कर दिया गया। रेलवे कर्मचारियों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

# शिक्षकों की उपेक्षा पर भड़की सपा, भाजपा सरकार पर बोले तीखे हमले

## शिक्षक सम्मान समारोह एवं चिंतन गोष्ठी में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय





शिक्षकों को सम्मानित करते सपा जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** नगर के तारा बैंक्विट हॉल में तारावती तौलेराम एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह एवं चिंतन संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षकों की निरंतर हो रही उपेक्षा को लेकर मौजूदा भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

समारोह का शुभारंभ संस्था के संरक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. तौलेराम गंगवार तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख तारावती गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार व गायत्री गंगवार द्वारा पधारे हुए सम्मानित शिक्षकों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न देकर भावभिना अभिनंदन किया गया। बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी शिव प्रताप यादव ने चिंतन गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें पूरी तरह शिक्षक विरोधी मानसिकता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते कई वर्षों से रिक्त पदों पर नई शिक्षक भर्तियां ठप पड़ी हैं। पुरानी पेंशन योजना (OPS) समाप्त किए जाने से सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय हो गया है और उनके परिवार आर्थिक संकट झेलने को मजबूर हैं। कार्यरत शिक्षकों पर जबरन टीईटी पास करने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक तैनात करने के बजाय सरकार मनमाने ढंग से स्कूलों को बंद करने में जुटी है।

कार्यक्रम के आयोजक एवं वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रत्नेश गंगवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों का पूरा ध्यान रखा गया था। वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण शिक्षक वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रताप गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, रामसिंह यादव, नरेंद्र मिश्रा, मुक्तादिर हयात, दुष्यंत गंगवार , आलोक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, बुद्धिजीवी एवं सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### हर साल कटान के बाद क्यों जागता है प्रशासन, शारदा नदी से हर साल तबाही, समाधान क्यों नहीं



बारिश से शारदा नदी का बढ़ा जलस्तर । -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शारदा नदी का कटान हर वर्ष किसानों और ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाता है। नदी की तेज धार किसानों की उपजाऊ जमीन और खड़ी फसलों को निगल जाती है। जबकि कई बार ग्रामीणों के घर भी कटान की चपेट में आ जाते हैं। बारिश का मौसम समाप्त होते-होते हजारों लोग बाढ़ और कटान से प्रभावित हो जाते हैं। राणा प्रतापनगर में कटान की स्थिति गंभीर होने पर राजस्व एवं सिंचाई विभाग की टीम ने संयुक्त निरीक्षण कर युद्ध स्तर पर कटान निरोधक कार्य शुरू कराया। प्रशासन का दावा है कि वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। वहीं ग्राम नेहरोसा में भी कटान की सूचना पर विभागीय टीम पहुंची और आवश्यक निरोधक कार्य कराए गए। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब हर वर्ष कटान की आशंका पहले से रहती है तो बचाव कार्य नदी के कटान शुरू होने के बाद ही क्यों किए जाते हैं? बरसात से पहले स्थायी और मजबूत कटान निरोधक परियोजनाएं क्यों नहीं तैयार की जातीं? ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि हर साल निरीक्षण, मुआवजे और आश्वासन तक सीमित रह जाते हैं। आखिर कागजों में लाखों का खर्च और उसके बाद भी समाधान हवा हवाई क्यों साबित होता है। जब कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है तो बाढ और कटान क्यों हो रहा है यह एक बड़ा सबाल है।

### पत्रकारों पर कथित हमले के विरोध में ऐप्जा ने सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) की पूरनपुर इकाई ने दिल्ली के साकेत थाना क्षेत्र में दो महिला पत्रकारों के साथ कथित मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में साकेत पुलिस थाने में तैनात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन का आरोप है कि स्वतंत्र महिला पत्रकार शाहीन खान और नफीसा खान मैक्स अस्पताल, साकेत में गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा नए विंग के शुभारंभ कार्यक्रम की कवरेज कर रही थीं। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर दोनों पत्रकारों के साथ मारपीट की और उन्हें पुलिस वाहन से साकेत थाने ले जाया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि थाने में भी उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की गई तथा धार्मिक पहचान को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं।ज्ञापन में दिल्ली पुलिस आयुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने तथा महिला आयोग और प्रेस काउंसिल से भी स्वत: संज्ञान लेकर जांच कराने की मांग की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मूसलाधार बारिश से ठप रही नगर और गावों की बिजली, विद्युत उकरण बने शौपीस



फाल्ट ठीक करता बिजली कर्मचारी।

**पूरनपुर।** लगातार हो रही बारिश से कई जगहों पर फाल्ट आ गए। जिससे नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही।देर शाम तक कर्मचारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में डटे रहे। लगातार बारिश जारी है। रविवार को रात्रि से शुरु हुई तेज बारिश से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की विजली सप्लाई वाधित हो गई। पूरनपुर, माधोटांडा, कुरेया, घुंघचाई सहित अन्य बिजली उपकेंद्र क्षेत्र में तेज बरसात से बिजली आपूर्ती बाधित हो गई। जो देर शाम तक ठीक नही हो सकी,इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पडा। ग्रामीण इलाकों में पूरे दिन विजली वाधित रही। पूरे दिन बिजली के दर्शन नहीं हुए। विद्युत से होने वाले कामकाज ठप पडे रहे।बिजली से दुकानों में काम होते हैं। लेकिन बिजली न आने से दुकानों में कामकाज प्रभावित रहा। लोग अपना काम करवाने के लिए दुकानों पर पहुंचे लेकिन बिजली न होने के चलते उनको वापस लौटना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक कई गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही। हांलाकि बिजली कर्मचारी लगातार फाल्टों को ढूढकर सही करने में जुटे देखे गए।एसडीओ ने बताया कुछ स्थानों पर वारिश से फाल्ट आए हैं।इस पर कर्मचारियों को ठीक करने के लिए भेज दिया गया है।बिजली कर्मचारी अन्य जगहों पर फाल्ट ठीक करने में जुटे हुए हैं।जंहा जंहा बिजली वाधित रही। वंहा शाम तक बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

### सुसाइड नोट भेजकर गायब हुआ मिथुन, पत्नी-ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ताराचंद्र निवासी मिथुन कुमार पुत्र ब्रह्मदत्त गंगवार शुक्रवार को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। लापता होने से पहले मिथुन ने पत्नी और ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक मार्मिक सुसाइड नोट लिखकर अपनी बहन को व्हाट्सऐप पर भेजा, जिसमें प्रताड़ना से तंग आकर जीवन समाप्त करने की बात कही गई है।मिथुन के अचानक लापता होने की सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों के अनुसार मिथुन एक दवा कंपनी में मार्केटिंग रिप्रेजेंटेटिव के पद पर कार्यरत हैं। करीब चार वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी और पिछले तीन वर्षों से वह पत्नी के साथ बरेली में रह रहे थे।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकानों की दीवारें छतिग्रस्त

## लोगों के बिजली उपकरण फुंके, हजारों का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली गिरने छतिग्रस्त हुई छत। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई/पूरनपुर।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से तीन ग्रामीणों के मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गईं। वहीं कई घरों में बिजली के उपकरण और विद्युत बोर्ड फुंक गए। रविवार को सुबह से ही क्षेत्र में मौसम खराब रहा और रुक-रुककर तेज बारिश होती रही। दोपहर के समय बारिश ने अचानक तेज रफ्तार पकड़ ली। इसी दौरान आसमान में बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच कस्बा घुंघचाई निवासी बबलू, पप्पू लाल, अरविंद,दिनेश के घरो व छतों पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने की तेज आवाज से ग्रामीण सहम गए। कुछ देर के लिए लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। बताया गया कि आकाशीय बिजली गिरने के कारण करीब तीन ग्रामीणों के मकानों की दीवारें चटक गईं। कई जगह दीवारों में दरारें पड़ने से मकानों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा घरों में लगे बिजली के बोर्ड, पंखे, टीवी सहित अन्य विद्युत उपकरण भी तेज करंट की चपेट में आने से फुंक गए। ग्रामीणों के मुताबिक, बिजली के उपकरण खराब होने से प्रत्येक प्रभावित परिवार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। मकानों की दीवारों में दरार आने के बाद परिवारों में भी चिंता बढ़ गई है। आकाशीय बिजली गिरने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए मकानों का जायजा लिया। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। हालांकि,घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटना से काफी नुकसान हुआ है। बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भी घबरा गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित मकानों और विद्युत उपकरणों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# बीसलपुर में प्लॉट के गेट लगाने को लेकर मारपीट, चार पर रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रसयाखानपुर में आवासीय प्लॉट पर गेट लगाने को लेकर हुए विवाद में महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम रसयाखानपुर निवासी रेशमा बेगम पत्नी कमालुद्दीन ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने 11 अगस्त 2025 को गांव में ही 155.48 वर्ग मीटर का एक आवासीय प्लॉट इम्तियाज हुसैन व रिसायत हुसैन से बैनामा कराया था। तब से वह उस पर काबिज हैं। आरोप है कि 15 अगस्त को दोपहर करीब 1.30 बजे जब वह अपने प्लॉट के निकास द्वार पर गेट लगवा रही थीं, तभी पड़ोसी जाकिर पुत्र काले खां, उसकी पत्नी अंजुम, पुत्र नूरैन और पुत्री शहाना वहां आ गए और गेट लगाने से रोकने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने प्लॉट पर अवैध कब्जे की धमकी देते हुए पीड़िता के साथ गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाने आई पीड़िता की पुत्री फिरदौस के साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच उपनिरीक्षक मोहित सिंह को सौंपी गई है।

# देवहा नदी में बुजुर्ग ने लगाई छलांग, पुल पर मिली लाठी-चप्पल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के नगरिया फत्तेपुर स्थित देवहा नदी के पुल से रविवार को 62 वर्षीय बुजुर्ग ने नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद पुल पर उनकी लाठी और चप्पल पड़ी मिली। सूचना पर पुलिस व स्थानीय विधायक मौके पर पहुंचे और नदी में तलाश शुरू कराई।



वृद्ध का फोटो।

क्षेत्र के ग्राम चौसरा निवासी कैलाश चंद्र सक्सेना पुत्र राम भरोसे लाल रविवार सुबह करीब 11:30 बजे एक व्यक्ति के ऑटो से देवहा पुल पर पहुंचे थे। ऑटो से उतरते ही उन्होंने नदी में छलांग लगा दी। पुल पर लाठी-चप्पल पड़ी देख राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और लाठी-चप्पल के आधार पर उनकी पहचान की। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों के अनुसार बुजुर्ग का घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह दवाई लेने की बात कहकर घर से निकले थे। हालांकि छलांग लगाने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पर एसएसआई रमेश चंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। विधायक विवेक वर्मा भी मौके पर तहसीलदार हबीबउर रहमान पहुंचे और घटना की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों की मदद से नदी में बुजुर्ग की तलाश जारी थी।



मौके पर पहुंचे विधायक विवेक वर्मा व तहसीलदार। -जागरण मोर्चा

# तेज बारिश से दीवार गिरने से परिवार बाल-बाल बचा जगह-जगह जलभराव और दलदल से लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



तहसील क्षेत्र के एक गांव भरा पानी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र में रविवार को हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार कई घंटे हुई तेज बारिश के चलते गांव में जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। गलियों और रास्तों पर पानी भर जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर पानी घरों के आसपास तक पहुंच गया, जिससे लोगों को अपने घरों से निकलने में भी परेशानी हुई। तेज बारिश के चलते गांव के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या और अधिक गंभीर हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी काफी देर तक रास्तों और गलियों में जमा रहता है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होने के साथ ही गंदगी और कीचड़ की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। लगातार बारिश के कारण ग्रामीण अपने घरों में ही रहने को मजबूर रहे। इसी दौरान गांव निवासी संतोष के मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दीवार के मलबे से काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि जिस समय दीवार गिरी, उस समय परिवार के सदस्य उसकी चपेट में नहीं आए। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया और परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। दीवार गिरने के बाद परिवार के सामने घर की सुरक्षा को लेकर भी चिंता खड़ी हो गई है। बारिश के कारण आसपास की जमीन और दीवारें भी नम हो गई हैं, जिससे अन्य जर्जर दीवारों के गिरने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के कारण हुए जलभराव और नुकसान का जायजा लिया जाए तथा प्रभावित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

अनदेखी — मच्छरों के पनपने से संक्रामक रोगों के फैलने की भी बढ़ी आशंका

# गांव मार में चोक नालियों की सड़कों पर बह रही गंदगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



गांव मार में उखड़ी गली बरसात में बन रही परेशानी का सबब। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** सफाई कर्मियों के ड्यूटी से नदारद रहने के कारण गांवों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा कर रह गई है।मच्छरों की बढ़ती तादाद के कारण गांवों में संक्रामक रोगों की चपेट में लोग आने लगे हैं।बावजूद इसके कई सफाई कर्मी ब्लॉक कार्यालय में बाबू गिरी कर रहे हैं। गांवों में सफाई व्यवस्था बे पटरी होने की वजह से जगह-जगह कूड़े के ढेर एवं चोक नालियों के कारण सड़क पर जलभराव होने से मच्छरों के पनपने की भी आशंका बढ़ रही है। लेकिन इसके बाद भी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं कई सफाई कर्मियों को अनाधिकृत रूप से एडीओ पंचायत कार्यालय में हर वक्त बाबू गिरी करते हुए भी देखा जा सकता है। इन सफाई कर्मियों को गांवों में सफाई व्यवस्था करने की वजाय बाबूगिरी करने में ज्यादा फायदा दिखाई दे रहा है। शायद यही वजह है कि सफाई कर्मी अपनी मूल जिम्मेदारी से बचते हुए अधिकारियों के घरों एवं कार्यालयों में चाकरी करना ज्यादा अच्छा समझ रहे हैं। उधर ग्राम पंचायत मार में महीनों से सफाई न होने की वजह से नालियां चोक हो गई हैं। जिस कारण नालियों का गंदा पानी अब सड़कों पर बहना शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी के ड्यूटी से गायब रहने की वजह से गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। उधर ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई कर्मी के काम करने न आने की वजह से चारों ओर गंदगी फैली हुई है। नालियां चोक हो गई हैं। जिसकी वजह से गंदा पानी हर वक्त सड़कों पर भरा रहता है।सफाई कर्मी के ड्यूटी से नदारद रहने के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं जिसका सफाई कर्मी फायदा उठाते हैं। गांव में नालियों का कीचड़ युक्त पानी सड़कों पर बहने की वजह से मच्छरों के पनपने की भी आशंका बनी हुई है।गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं।गांव की ऐसी कोई गली नहीं है जिसमें गंदगी न फैली हो, नालियों की कीचड़ सड़क पर भरी हुई है। जिस कारण लोगों को निकलने में भी दिक्कत हो रही है। उधर शिक्षक ओमप्रकाश कुशवाहा के मकान के सामने की गली का आलम यह है की हल्की सी बारिश में ही नाली की कीचड़ गली में बहने लगती है।

### व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड की सेशन कोर्ट में होगी 16 को सुनवाई

**पीलीभीत।** व्यापारी पप्पू गुप्ता की तीन माह पहले कस्बा बिलसंडा में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में शाहजहांपुर निवासी आठ आरोपियों के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंगल देव सिंह की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामला सत्र न्यायालय की ओर से परीक्षण योग्य होने के कारण पत्रावली कमिट कर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में भेज दी गई है। अब सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार की अदालत में 16 सितंबर को सुनवाई होगी। कस्बा बिलसंडा निवासी पंकज कटियार का ससुराल वालों से दहेज उत्पीड़न का मामला चल रहा था। शाहजहांपुर निवासी ससुराल वालों ने कई आरोपियों को को सुपारी देकर पंकज कटियार की हत्या करने कस्बा बिलसंडा भेजा। 28 मई 2026 की दोपहर बाद पांच बजे पंकज कस्बा बिलसंडा में अपने भाई की दुकान पर बैठे थे।

# हफ्ते भर से रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा के गांव तिलसंडा में सड़क पर भरी नाली की कीचड़ । -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** अगस्त महीने के अंतिम दिन से शुरू हुई झमाझम बारिश रविवार को भी जारी रही। जिसकी वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त होकर रह गया। वहीं तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसल भी बिछ गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बता दें कि पिछले एक हफ्ते से शुरू हुई रिमझिम बारिश से भले ही गर्मी कम हो गई लेकिन लगातार बारिश होने की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त होकर रह गया। बारिश की वजह से रविवार को नगर के बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। उधर लगातार हो रही तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से खेतों में खड़ी धान एवं गन्ने की फसल भी बिछ गई। जिससे किसानों को खासा नुकसान होना तय माना जा रहा है। उधर नगर के मोहल्ला हाथी खाना में हुए जल भराव ने सफाई व्यवस्था की भी पोल खोल कर रख दी। मोहल्ले में जल भराव होने से दर्जन भर से अधिक परिवारों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। झमाझम बारिश ने गांवों की तस्वीर भी बदल कर रख दी। शायद ही कोई ऐसा गांव बच्चा हो जिस गांव में नालियों की कीचड़ गलियों में न बही हो ।गांव तिलसंडा में तो स्थिति सबसे बदतर हो गई, इस गांव में विकास कार्य न होने की वजह से समूचे गांव की गलियां न केवल कच्ची हैं बल्कि बारिश होने की वजह से दलदल में तब्दील हो गईं।जिसकी वजह से ग्रामीणों को अपने घरों से बाहर निकलने में भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# रस्सी जल गई पर बल नहीं गया: 'पाकिस्तान ही एशिया कप जीतने का हकदार', भारत से शर्मनाक हार के बाद बोले वहाब रियाज

**एजेंसी न्यूज**

**दुबई।** भारत के खिलाफ महिला एशिया कप के ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान को 55 रन के रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर पर समेटे जाने के बाद टीम मेंटर वहाब रियाज ने उसे खिताब का सबसे मजबूत दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां पाकिस्तान के अनुकूल हैं। रियाज ने टीम में बड़े बदलावों का भी बचाव किया और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए खिलाड़ियों को मौका देने की बात कही।

दुबई में शनिवार को महिला एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान को भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। अपना 200वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजों के स्पिन के जाल में फंस गई और महज 55 रन पर ऑलआउट हो गई। यह उसका टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का सबसे कम स्कोर रहा।

पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने गेंद से टीम की वापसी कराने की कोशिश की और तीन शुरूआती विकेट लेकर 3/17 का शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि,



भारत ने 56 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने महिला एशिया कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और ग्रुप ए में शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

पाकिस्तान के टीम मेंटर वहाब रियाज ने हार के बावजूद अपनी टीम पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है और उन्हें खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। रियाज ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमारी टीम के सभी खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली हैं और उन्हें सिर्फ खुद पर भरोसा करने की जरूरत है। हमारा अगला मैच हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ है। हम वापस जाकर भारत के खिलाफ की गई गलतियों पर चर्चा करेंगे। हम वही गलतियां दोबारा नहीं करेंगे। मुझे अब भी लगता है कि पाकिस्तान इस एशिया कप में ट्रॉफी जीतने के लिए सबसे अच्छी टीम है, क्योंकि परिस्थितियां हमारे अनुकूल हैं।' पाकिस्तान के लिए हालांकि स्थिति आसान नहीं है। टीम के खाते में सिर्फ दो अंक हैं और वह ग्रुप चरण से बाहर होने के कगार पर है। अब उसे सोमवार को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मुकाबला खेलना है। पूर्व कप्तान सना मीर ने महिला एशिया कप से पहले पाकिस्तान टीम में किए गए बड़े बदलावों पर सवाल उठाए थे। टीम प्रबंधन ने कई अनुभवी खिलाड़ियों को बाहर कर नए चेहरों को मौका दिया था। हालांकि, वहाब रियाज ने इन आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम में बदलाव भविष्य को ध्यान में रखकर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले टीम में शामिल खिलाड़ी कई विश्व कप और एशिया कप खेल चुके थे, लेकिन अपेक्षित नतीजे नहीं मिल रहे थे। रियाज ने कहा, 'सना मीर की अपनी राय है। उस राय से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। हमने भविष्य को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए हैं। जो खिलाड़ी पहले खेल रहे थे, वे कई विश्व कप और एशिया कप खेल चुके हैं, लेकिन हमें नतीजे नहीं मिल रहे थे। इसलिए नए चेहरों के साथ जाने और नई लड़कियों को टीम में शामिल करने का समय था, ताकि आगामी टूनामेंटों के लिए टीम तैयार की जा सके। यह इस बारे में नहीं है कि हमने किन खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। हमें वास्तविकता को देखना होगा। जिन लड़कियों को बाहर किया गया, वे बिल्कुल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थीं। मुझे लगता है कि नई लड़कियों को टीम में शामिल करके हमने सही कदम उठाया।' भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान के सामने अब ग्रुप चरण में बने रहने की चुनौती है। उसके खाते में दो अंक हैं और वह बाहर होने की कगार पर है। टीम सोमवार को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। रियाज ने साफ किया है कि टीम भारत के खिलाफ हुई गलतियों से सीखकर अगले मुकाबले में वापसी करना चाहती है।

# आईपीएल से डर गया पाकिस्तान

## पीएसएल के कार्यक्रम में कर सकता है बदलाव

**एजेंसी न्यूज**

**कराची।** अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) जनवरी में आयोजित किया जा सकता है क्योंकि इस टी20 टूर्नामेंट के मीडिया अधिकार धारकों ने अप्रैल-मई की अवधि में भारत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजन के कारण सीमित विज्ञापन राजस्व मिलने की शिकायत की है। इस साल भी पीएसएल का आयोजन आईपीएल के साथ टकराया था और अगले साल की शुरूआत में टूर्नामेंट कराने का सुझाव एक सितंबर को लंदन में हुई पीएसएल संचालन परिषद की बैठक में दिया गया।

एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार मीडिया अधिकार धारक वाली टेक्नोलॉजीज ने पीएसएल को जनवरी-फरवरी में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है जो आठ टीम वाली पीएसएल में एक फ्रेंचाइजी की मालिक भी है। पीएसएल 2016 में शुरूआत के बाद से आमतौर पर फरवरी-मार्च की अवधि में आयोजित होती रही है। लेकिन 2025 और इस साल इसी अवधि में आईसीसी के टूर्नामेंट के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लीग को अप्रैल-मई में स्थानांतरित करना पड़ा



जिसके चलते इसका आईपीएल के साथ टकराव हुआ। फ्रेंचाइजी मालिकों ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों में खराब प्रदर्शन के बीच पीएसएल में दर्शकों की घटती रुचि को लेकर भी चिंता जताई है।

घटनाक्रम से जुड़े सूत्र ने बताया कि मीडिया अधिकार धारकों ने स्पष्ट कर दिया है कि अलग-अलग कारणों से अप्रैल-मई की अवधि सुरक्षा, विज्ञापन और प्रायोजन के लिहाज से अनुकूल नहीं है। पीएसएल और फ्रेंचाइजी के बीच मौजूदा समझौते के तहत आठ टीमों को केंद्रीय राजस्व पूल से मिलने वाली प्रसारण आय का 95 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। सूत्र ने बताया कि बैठक में एक प्रस्ताव यह भी रखा गया कि पीएसएल की शुरूआत कराची से की जाए, जहां साल की शुरूआत में सर्दियों का मौसम अपेक्षाकृत सामान्य रहता है। इसके बाद टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ पंजाब और पेशावर में मुकाबले आयोजित किए जाएं जब मौसम इतना ठंडा नहीं हो। पाकिस्तान के पास फिलहाल नवंबर के मध्य से मार्च तक एक स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय विंडो है जिसमें घरेलू या विदेशी कोई सीरीज निर्धारित नहीं है। वाली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक पीएसएल के घरेलू प्रसारण और डिजिटल अधिकार हैं। कंपनी के पास 2026 चरण के अंतरराष्ट्रीय मीडिया अधिकार भी हैं।

# व्यापार और कॉरपोरेट जगत: ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण जीएसटी काउंसिल की बैठक टली, अब 7 अक्तूबर को होगी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की 12 सितंबर को होने वाली बैठक अब 7 अक्तूबर को होगी। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण बैठक की तारीख बदली गई है। यह जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक होगी। बैठक से पहले 5 और 6 अक्तूबर को अधिकारियों की बैठक होगी। काउंसिल की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करती हैं और इसमें राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं। काउंसिल की बैठक एक साल से अधिक समय बाद हो रही है। 7 अक्तूबर की बैठक में बड़े कारोबारियों के जीएसटी रजिस्ट्रेशन को आसान बनाने पर चर्चा हो सकती है। खासकर उन कारोबारियों के लिए प्रक्रिया सरल करने पर विचार होगा, जो हर महीने 2.5 लाख रुपये से ज्यादा का टैक्स क्रेडिट आगे बढ़ाते हैं। जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द करने की प्रक्रिया में ऑटोमेशन समेत अन्य बदलावों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कर्ज में डूबी एजुटेक कंपनी बायजू से जुड़ी के-3 एजुकेशन की संपत्तियों की नीलामी पर रोक लगा दी है। के-3 एजुकेशन बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल) की सहायक कंपनी है। कंपनी पर लगभग 150 करोड़ रुपये मूल्य की अपनी संपत्तियों को मात्र 16 करोड़ रुपये में बेचने के आरोप थे। यह आदेश के3 एजुकेशन के रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) और क्रिटिकल सॉल्यूशंस की ओर से दायर उस याचिका पर आया है, जिसमें स्वामित्व के सत्यापन तक संपत्तियों की सुरक्षा की मांग की गई थी। न्यायाधिकरण ने कंपनी को संपत्तियों के निपटान पर आगामी 21 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है और यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है।

टाटा टेक्नोलॉजी के पूर्व सीईओ ने बेचे 165 करोड़ के शेयर

टाटा टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पैट्रिक रेमन मैकगोल्ड्रिक ने बीएसई पर खुले सौदे के जरिये लगभग 165 करोड़ रुपये के शेयर बेचकर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटा दी है।

# फाइनल मैच में भिड़े तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी !: एक-दूसरे के नजदीक आकर की बहस; अंपायर को करना पड़ा बीच-बचाव

**एजेंसी न्यूज**

**चेन्नई।** दलीप ट्रॉफी 2026-27 के फाइनल में ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच मुकाबले के दौरान मैदान पर उस समय तनाव देखने को मिला, जब युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच शुरूआत में बातचीत और मजाकिया अंदाज में स्लेजिंग चल रही थी, लेकिन देखते ही देखते यह तीखी बहस में बदल गई। यह घटना ईस्ट जोन की पहली पारी के 11वें ओवर में हुई। तिलक वर्मा लगातार वैभव सूर्यवंशी से बातचीत कर रहे थे और उन्हें उप-कप्तानी को लेकर स्लेज कर रहे थे। इसी दौरान तिलक ने वैभव से कहा, 'क्या यार, ये वाइस-कैप्टन।' इसके कुछ ही देर बाद माहौल गर्म हो गया। तिलक वर्मा 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की ओर बढ़े



और हल्का सा शारीरिक इशारा किया, जैसे वह पंच यानी मुक्का मारने की बात कर रहे हों। वैभव भी पीछे नहीं हटे और उन्होंने तुरंत उनका सामना किया। दोनों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अंपायर ने हस्तक्षेप किया और दोनों खिलाड़ियों को अलग किया।

तिलक वर्मा के साथ बहस से पहले वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर बोल रहा था। उन्होंने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ मिलकर ईस्ट जोन को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी हुई। वैभव ने सिर्फ 37 गेंदों में 44 रन की तेज पारी खेली। उनकी पारी में पांच चौके और एक छक्का शामिल रहा। हालांकि, वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और तेज गेंदबाज चामा मिलिंद का शिकार बने। शॉर्ट पिच गेंद पर वैभव ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन अतिरिक्त उछाल के कारण गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से से लगकर मिड-विकेट की दिशा में चली गई। डीप स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए तनय त्यागराजन ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत कर दिया।

फाइनल में 44 रन की पारी से पहले वैभव सूर्यवंशी ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भी बल्ले से प्रभाव छोड़ा था। उन्होंने वहां 92 और 40 रन की पारियां खेली थीं। फाइनल में भी उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। रेड बॉल क्रिकेट में वैभव लगातार अपने आक्रामक बल्लेबाजी अंदाज की झलक दिखा रहे हैं। दलीप ट्रॉफी के बाद उनकी नजरें भारतीय टीम के अगले असाइनमेंट पर होंगी। वह अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेलते नजर आएंगे। सीरीज का पहला मुकाबला 13 सितंबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है।




# दलीप ट्रॉफी फाइनल: पहला दिन ईस्ट जोन के बल्लेबाजों के नाम, ईशान का शतक; संघर्ष करते दिखे साउथ जोन के गेंदबाज

**एजेंसी न्यूज**

**चेन्नई।** कप्तान ईशान किशन के शतक की मदद से ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में ईस्ट जोन ने दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में चार विकेट पर 385 रन बनाए। स्टंप्स के समय ईशान 135 गेंदों पर 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 111 रन और कुमार कुशाग्र 75 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 63 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। अभिमन्यु ईश्वरन और वैभव सूर्यवंशी ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 100 रन जोड़े थे। इस साझेदारी को चामा मिलिंद ने तोड़ा। उन्होंने



वैभव सूर्यवंशी को पवेलियन भेजा। वैभव ने 37 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। वहीं, ईश्वरन ने अर्धशतक लगाया और वह 86 गेंद में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 72 रन बनाकर रन आउट हुए।

सुदीप कुमार कुछ खास नहीं कर सके और छह रन बनाकर त्रिपुराणा विजय का शिकार बने। शिखर मोहन ने फिर कप्तान ईशान के साथ 94 रन की साझेदारी निभाई। शिखर 120 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 85 रन बनाकर मिलिंद की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद ईशान और कुशाग्र ने शानदार बल्लेबाजी की और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों के बीच अब तक पांचवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी हो चुकी है। ईशान ने शतक लगाया, जबकि कुशाग्र अर्धशतक लगाकर नाबाद हैं। ईस्ट जोन की नजर अब दूसरे दिन बड़े स्कोर पर होगी।

ईस्ट जोन के बल्लेबाजों ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। टीम के लिए ईशान ने जहां शतक लगाया तो वहीं तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। अभिमन्यु, शिखर मोहन और कुशाग्र अर्धशतक लगाने में सफल रहे। वहीं, वैभव सूर्यवंशी भी अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन अर्धशतक लगाने से चूक गए। साउथ जोन की ओर से चामा मिलिंग ने दो विकेट लिए, जबकि त्रिपुराणा विजय को एक सफलता मिली।







# एमएसएमई: ऑटो कंपोनेंट कंपनियों के पास 98,000 करोड़ रुपये का स्टॉक फंसा

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑटो कंपोनेंट उद्योग में करीब 98,000 करोड़ रुपये का स्टॉक फंसा हुआ है। इसमें से 29,000 से 39,000 करोड़ रुपये तक की राशि स्टॉक प्रबंधन में सुधार करके जारी की जा सकती है। यह राशि कार्यशील पूंजी के रूप में उपयोग हो सकती है। एमएसएमई क्षेत्र को इससे 4,000 से 5,600 करोड़ रुपये का लाभ मिल सकता है। वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट बताती है कि देश के 80 फीसदी ऑटो कंपोनेंट निमार्ता एमएसएमई हैं। खपत-आधारित इस्तेमाल का तरीका अपनाने वाली कंपनियां 30 से 40 फीसदी तक स्टॉक कम कर सकती हैं। भारत के ऑटो कंपोनेंट एमएसएमई का कुल राजस्व लगभग 2.4 से 2.9 लाख करोड़ रुपये है। उत्पादकता में 30 फीसदी सुधार से 74,000 से 88,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक राजस्व मिल सकता है। सामग्री लागत के बाद, यह 29,000 से 44,000 करोड़ रुपये का वृद्धिशील मूल्य पूल बना सकता है। इन लाभों से एक आत्म-सुदृढ़ निवेश चक्र बन सकता है। परिचालन सुधारों से कार्यशील पूंजी मुक्त होगी और उत्पादकता बढ़ेगी। इससे बाहरी पूंजी तक पहुंच भी बेहतर होगी।

क्या एमएसएमई भविष्य के लिए तैयार नहीं हैं?

वेक्टर के अध्ययन से पता चला कि 95 फीसदी उद्योग नेता मानते हैं कि एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के लिए पर्याप्त निवेश नहीं कर रहे। यह अध्ययन ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरर्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के 66वें वार्षिक सत्र में जारी किया गया था। शोध में भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक क्षमताओं और वर्तमान में उपलब्ध क्षमताओं के बीच बड़ा अंतर पाया गया।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।